चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 51, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 16
हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति दी जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे। अभ्यर्थियों को 16 से 22 अप्रैल तक कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा।

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था, लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। उनके पिता एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चार अप्रैल को कहा था कि प्रसाद ने ईडी से स्वास्थ्य के आधार पर समय मांगा है।

### भाजपा विधायकों को विधानसभा से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा विधायक जल बोर्ड में हुई कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहा। जब भाजपा विधायक अड़े रहे तो गोयल ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया।

# सेंसेक्स 75 हजार के करीब सोने ने भी आकाश छुआ

- सेंसेक्स ने 74,869.30 को छूआ, एनएसई 22,666.30 अंक पर बंद
- 350 रुपये की तेजी से 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ सोना

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी आई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 अंक तक चढ़कर रिकॉर्ड 74,869.30 अंक पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,666.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान उसने 183.6 अंक उछलकर 22,697.30 अंक को छूआ था। वहीं सर्राफा बाजार में सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

**जगदलपुर में चुनावी रैली**

**प्रधानमंत्री बोले-भ्रष्ट कांग्रेस ने गरीबों को किया नजरअंदाज, उनका दर्द नहीं समझा**

# हमने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म किया : मोदी

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी, भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया।

### भ्रष्टाचार पर की चोट तो दे रहे सिर फोड़ने की धमकी

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

# ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

## आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज हो रहा है। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसी ने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।



### सीएम की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

### सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद



दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही याचिकाओं को रद किया था।

### कविता की अंतरिम जमानत खारिज



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद कर दी गई) घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे**

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने चुनाव आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यब चैनल्स को बंद कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर भी अपनी बात रखी है।

### एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

# रामनवमी पर देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

**दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें, होगा लाइव प्रसारण**



- शृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन
- सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है। राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और शृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।

### श्रद्धालु मठ-मंदिरों में गुरु-परंपरा में शामिल होकर चले जाएं : चंपत राय



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रामकोट की परिक्रमा के लिए मतगजेंद्र मंदिर पर साधु-संतों से रामनवमी पर श्रद्धालुओं को मंदिरों में ठहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मठ-मंदिरों में गुरु परंपरा में शामिल होकर वापस चले जाएं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि पथ पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्व हिंदू परिषद और संघ के कार्यकर्ताओं की टोलियां पानी पिलाएंगी।

**सिविल सेवा प्री परीक्षा**

# इंफाल की जगह चुन सकते हैं अन्य केंद्र

**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्री परीक्षा के लिए मणिपुर के इंफाल को चुना है, वह अन्य केंद्र चुन सकते हैं। परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन्होंने इंफाल चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

# जिपं अध्यक्ष रेनू ने कांग्रेस छोड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति व पिछड़ा विभाग एआईसीसी दिल्ली के ज्वाइंट को-ऑर्डिनेटर सुरेश गंगवार ने पार्टी को छोड़ दिया। उन्होंने सोमवार को इस्तीफा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा को भेजे इस्तीफे के बाद रेनू व सुरेश गंगवार ने कहा कि ऊधमसिंह नगर के जिलाध्यक्ष की ओर से प्रदेश और जनपद में पार्टी की बैठकों में नहीं बुलाकर उपेक्षा की जा रही है।

इतना ही नहीं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के लोकसभा प्रत्याशी ने उनसे चुनावों को लेकर चर्चा की और न ही मुलाकात की। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जनपद में नुक्कड़ सभाएं और जनसभाएं कर रहे हैं। इसकी सूचना उन्हें नहीं दी जा रही है। लगातार हो रही उपेक्षा से वह पार्टी से इस्तीफा देते हैं। उनके इस्तीफे को स्वीकार किया जाए। यहां बता दें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके पति पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से कांग्रेस में आए थे।



- सुरेश गंगवार ने प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और लोस प्रत्याशी पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप

### गंगवार पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सुरेश गंगवार विरोधी पार्टियों के कार्यक्रमों और उनके नेताओं से नजदीकियां बढ़ाकर पार्टी के अनुशासन को तोड़ रहे थे। ऊधमसिंह नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने उनके कार्य व्यवहार और सोशल मीडिया पर वायरल अश्लील वीडियो की शिकायत प्रदेश कमेटी से की थी। समिति ने जांच के बाद उन्हें 31 मार्च को 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

# सिपाही को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- ड्यूटी खत्म कर हल्द्वानी से सितारगंज घर जा रहा था आशिक

**अमृत विचारः** ड्यूटी खत्म कर घर जा रहा बाइक सवार सिपाही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। उसे सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नौसार पीलीभीत रोड खटीमा (ऊधमसिंह नगर) निवासी आशिक अली (40) पुत्र शाहिद अली हल्द्वानी कोतवाली की भोटिया पड़ाव चौकी में तैनात था। चुनाव में उनकी ड्यूटी एफएसटी टीम में लगी थी। उनका परिवार सितारगंज में रहता है। सोमवार सुबह आशिक ड्यूटी खत्म कर बाइक से सितारगंज जा रहा था। सुबह पौने आठ बजे वह गौलापार स्थित एलएससी स्टोन क्रशर के पास पहुंचा था कि ट्रैक्टर-ट्राली ने उसको चपेट में ले लिया। वह संभल पाता कि उससे पहले ट्रैक्टर उनके पेट पर से गुजर गया। घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर आशिक को सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, सीओ नीतिन लोहनी, कोतवाल उमेश मलिक अस्पताल पहुंच गए।

# गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ संजय की याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को रद कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। हाईकोर्ट ने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे।

**अध्ययन**

**एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल**

# भारतीय युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य कोरोना के रहस्य

बबलू चंद्रा, नैनीताल



प्रो. दीपांकर बनर्जी



डा. टीएस कुमार



डा. एस कृष्णा प्रसाद

**अमृत विचार :** भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।

### सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

**रारोटोंगा (अमेरिका)।** उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

अमृत विचार
www.amritvichar.com


































## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।




### चिकित्सकों ने मनमर्जी से स्वतः ही बिना सरकारी आदेश के नवरात्र के पहले दिन किया अवकाश घोषित

# आज सरकारी अस्पतालों में बंद रहेगी ओपीडी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपनी मर्जी से ओपीडी को बंद करना शुरू कर दिया है। बिना किसी सरकारी आदेश के बेस अस्पताल के चिकित्सक अवकाश घोषित कर रहे हैं। इससे ओपीडी में आने वाले मरीजों को परेशानी हो रही है।

शहर के प्रमुख सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में नवरात्र के पहले दिन अवकाश घोषित किया गया है। मंगलवार को दोनों अस्पतालों में ओपीडी पूरी तरह से बंद रहेगी। सिर्फ इमरजेंसी सेवा सुचारू रहेगी। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को निजी अस्पताल में दिखाने के लिए जाना पड़ेगा।

बता दें कि बेस अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 700 से 900 मरीज पहुंचते हैं। वहीं महिला अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीजों की ओपीडी होती है। पूर्व में दोनों अस्पतालों में 29 मार्च को गुड फ्राइडे के दिन अवकाश घोषित था। जबकि शासन से अवकाश के लिए कोई आदेश नहीं आया था। इसके बाद अब चिकित्सकों ने स्वतः ही नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल को अवकाश घोषित कर दिया है। दोनों की अस्पतालों के प्रमुखों का कहना है कि चिकित्सकों के संगठन ने अवकाश तय किए हैं। इसमें उनका कोई आदेश नहीं है।



बेस अस्पताल, हल्द्वानी। ● अमृत विचार




महिला अस्पताल, हल्द्वानी।

### मुख्यालय से आता है आदेश

अस्पतालों की ओपीडी बंद रखने का आदेश देहरादून में स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय से आता है। सभी सरकारी अवकाश के दौरान सरकारी अस्पतालों में ओपीडी बंद रखी जाती है। अब चिकित्सकों ने स्वतः ही ओपीडी बंद रखने का नया नियम बना लिया है।

### एसटीएच में खुलेगी ओपीडी

सुशीला तिवारी अस्पताल की ओपीडी मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक खुलेगी। बेस और महिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने की दशा में एसटीएच की ओपीडी से मरीजों को कुछ राहत मिलेगी।

### बोले अधिकारी



"चिकित्सकों के प्रांतीय संगठन के कहने पर महिला अस्पताल की ओपीडी नवरात्र के पहले दिन बंद रहेगी। सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। -**डॉ. उषा जंगपांगी**, सीएमएस, महिला अस्पताल हल्द्वानी"

"मंगलवार को ओपीडी में चिकित्सक नहीं आएंगे। इस वजह से ओपीडी को बंद रखा जाएगा। हालांकि इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को देखा जाएगा। -**डॉ. केके पांडे**, पीएमएस, बेस अस्पताल हल्द्वानी"

# मतदाता और कर्मचारियों को तुरंत मिलेगा उपचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों और वोट डालने के लिए आने वाले मतदाताओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रो हेल्थ योजना तैयार की है। बूथ में तैनात कर्मचारियों और मतदाताओं की अगर तबियत खराब होती है तो उन्हें तुरंत उपचार दिया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी को बूथों में तैनात कर्मचारियों और मतदाताओं के लिए स्वास्थ्य सेवा से संबंधित योजना बनाने के लिए कहा था। जिस पर विभाग ने 72 पन्नों का हेल्थ माइक्रो प्लान तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप दिया है। इस योजना के तहत बूथ पर तैनात कर्मियों को उनके पास के स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ा जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अगर किसी की हालत गंभीर हुई तो उसे हायर सेंटर भेजा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सात अस्पतालों को सूची में शामिल किया है, इनमें निजी अस्पताल भी शामिल हैं।

"चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों और मतदाताओं को अगर स्वास्थ्य संबंधित कोई परेशानी आती है तो उन्हें तुरंत स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए योजना बनाकर जिला निर्वाचन कार्यालय में सौंप दी गई है। - **डॉ. श्वेता भंडारी**, सीएमओ नैनीताल"

# गिरिजा मंदिर परिसर में लगी भीषण आग, दुकानें राख

### आग लगते ही श्रद्धालुओं में मची भगदड़, लोगों ने भागकर बचाई जान, मंगलवार से नवरात्र को देखते हुए दुकानदारों ने सामान से भरी थीं दुकानें

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** नवरात्र से एक दिन पूर्व सोमवार दोपहर प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर की तलहटी पर स्थित दुकानों में भीषण आग लग गई। जिससे 35 से अधिक कच्ची दुकानें राख हो गईं। दुकानों में आग लगते ही मौके पर भगदड़ मच गई। भीषण आग और चारों तरफ गहरा धुआं छाने से घबराए दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने पुल पर चढ़कर अपनी जान बचाई। आग से करीब 40 लाख रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान है।

अग्निशन अधिकारियों ने बताया कि दोपहर लगभग 2.07 बजे ऊपर टीले में स्थित गिरिजा मंदिर में जलती धूप के कारण वहां बंधी चुन्नी ने आग पकड़ ली और चुन्नी का जलता टुकड़ा हवा में उड़कर एक दुकान की छत में गिर गया और दुकान में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग ने अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते 35 से अधिक कच्ची दुकानें आग की चपेट में आ गई। दुकानों में रखी प्रसाद की थैलियां, चुन्नियां और परवल के प्रसाद ने आग को और तेज भड़का दिया।



गिरिजा देवी मंदिर की तलहटी में आग लगने के बाद धूं-धूं कर जलतीं दुकानें। ● अमृत विचार

**35** से अधिक कच्ची दुकानें जलीं, प्रसाद और पूजा सामग्री जलकर हुई नष्ट

**40** लाख रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान, पुल पर चढ़कर बचाई जान



दुकानों में लगी आग बुझने के बाद लकड़ियों से उठते धुएं के बीच सामान हटाता पीड़ित दुकान स्वामी। ● अमृत विचार

### रास्ता तंग होने से नहीं पहुंच सके दमकल वाहन

आग की सूचना मिलते ही रामनगर शहर से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां 15 से बीस मिनट में मंदिर परिसर में पहुंच गई थी लेकिन मंदिर के मुहाने से रास्त तंग होने से फायर वाहन मौके तक नहीं पहुंच सके। दमकल वाहनों के पानी के पाइप भी मौके पर नहीं पहुंचाए जा सके। करीब 45 मिनट में 35 से अधिक दुकानों के स्वाह होने के बाद आग शांत हुई। दमकल विभाग करीब 9 से 10 लाख रुपये के नुकसान का प्रारंभिक आंकलन कर रहा है। लेकिन दुकानदारों का कहना है कि क्षति इससे कहीं ज्यादा हुई है। उनका कहना है कि अग्निकांड में लगभग चालीस लाख रुपये की क्षति हुई है।

### नवरात्र को लेकर भरा था दुकानों में सामान

प्रभावित दुकानदारों ने मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र को देखते हुए दुकानों में पूजा सामग्री के साथ ही प्रसाद, चुन्नी, श्रंगार के अलावा कोल्ड ड्रिंक, मैगी व अन्य सामग्री भरी थी। आग से एक झटके में दुकानों में रखा सामान व फर्नीचर राख हो गया।

"देश के दोपहर करीब 2.15 बजे हमें गर्जिया मंदिर परिसर में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां वहां पहुंची, लेकिन रास्ता नहीं मिलने से मौके जलती दुकानों तक वाहन नहीं पहुंच सके। आग लगने की वजह प्रारंभिक जलती धूप अथवा चुन्नी का उड़कर आना माना जा रहा है। -**उमेश चंद्र परगाईं**, एफएसओ, फायर ब्रिगेड रामनगर"

### आंखों में आंसू लिए देखते रहे तबाही



प्रचंड आग की ज्वाला के बीच आंख में आंसू लिए प्रभावित दुकानदार अपनी जलती दुकानों को दूर से जलता देखते रहे। मगर आग पर किसी का भी बस नहीं था। प्रभावित दुकानदारों ने कहा कि मंगलवार को नवरात्र शुरू हो रहे हैं और उनका सारा सामान व फर्नीचर आदि जलकर राख हो गया। बाजार से उधार लायी सामग्री का पैसा भी वापस करने के लिए उनके पास अब कुछ नहीं बचा है।

## एक नजर

### आज बंद रहेंगे विद्यालय

**हल्द्वानी :** जनपद नैनीताल में मंगलवार (आज) को सभी सरकारी और निजी विद्यालय पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। झूलेलाल जयंती के अवसर पर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। जयंती पर लोग भगवान झूलेलाल की पूजा करते हैं। इसे अवकाश कैलेंडर में चेटीचंद अवकाश के तौर पर भी दर्शाया गया है।

### संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह मंगलवार (आज) को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के अंतर्गत कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जानकारी देते हुए एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि शाह सोमवार को शाम 4 बजे देहरादून से रवाना होकर हल्द्वानी पहुंचेंगे। वह मंगलवार को हल्द्वानी, कालाढूंगी व लालकुआं क्षेत्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन की हो रही होम वोटिंग का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 10:30 बजे एसटीएच ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### पत्नी से हुआ विवाद, पति ने जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी :** पत्नी से विवाद के बाद पति ने जहर खा लिया। उसे उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। लछमपुर गौलापार निवासी भैरव दत्त रविवार को शराब के नशे में घर पहुंचे थे। शराब को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि भैरव ने जहर खा लिया। परिजनों एसटीएच लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। भैरव का एक बेटा और एक बेटी है। बेटा अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुआ है और अभी रानीखेत में ट्रेनिंग कर रहा है।

# घर से नजदीक और परिवार के साथ रहने को सितारगंज में लिया था कमरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भोटियापड़ाव चौकी में तैनात सिपाही आशिक अली परिवार को समय नहीं दे पा रहे थे। परिवार के साथ रहने के लिए करीब छह माह पूर्व वह पत्नी व बेटी को पिता के घर से लाए थे, लेकिन वह खुद ही परिवार का साथ छोड़ कर चले गए। इकलौती बेटी और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और पिता सदमे में हैं।

मूलरूप से नौसार पीलीभीत रोड खटीमा (ऊधमसिंह नगर) निवासी आशिक अली (40 वर्ष) पुत्र शाहिद अली अपनी पत्नी व बेटी के साथ पिता के घर खटीमा में रहते थे। जबकि उनकी ड्यूटी यहां हल्द्वानी कोतवाली की भोटियापड़ाव चौकी में थी। कार्यस्थल और घर के बीच दूरी होने की वजह से वह बेटी से भी ज्यादा नहीं मिल पाते थे। इस वजह से करीब छह माह पहले आशिक ने पत्नी व बेटी को अपने पास रखने का फैसला लिया। उन्होंने सितारगंज में किराए का मकान लिया और पत्नी व बेटी को ले आए। सितारगंज में रहने का एक कारण यह भी था कि सितारगंज से पिता का घर भी नजदीक था। सोमवार को वह ड्यूटी खत्म कर जब पत्नी और बेटी के पास वापस घर लौट रहे थे, तभी चोरगलिया रोड गौलापार में एलएससी स्टोन क्रशर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें चपेट में ले लिया।



पोस्टमार्टम हाउस में मृत सिपाही के परिजन से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

## शराब और स्मैक संग चार तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने टीम के साथ अभियान चलाकर रकसिया नाले के पास से शिवालिक बिहार कैनाल रोड निवासी मोहित चौहान उर्फ गिल्लू पुत्र आनन्द सिंह को 10.02 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने ककराला गूलरभोज गदरपुर निवासी सुरजीत सिंह को 192 पव्वे देसी शराब और दिनेश मौर्या निवासी अम्बानगर तल्ली बमौरी को 240 पव्वे और एक पेटी देसी शराब के साथ पकड़ा है। जबकि लालकुआं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने हल्दूचौड़ से सुरेन्द्र सक्सेना निवासी संजयनगर प्रथम बिन्दुखत्ता को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सभी तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।

# हर विधानसभा सीट से 70 प्रतिशत वोट हासिल करना है लक्ष्यः जोशी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने सोमवार को मुखानी स्थित भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि हर संसदीय सीट पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने का लक्ष्य है।

जोशी ने कहा कि भाजपा की केंद्र ने 10 और राज्य सरकार ने सात सालों में विकास के नए आयाम छूए हैं। बेरोजगारी, कानून सुरक्षा, पेयजल, ऊर्जा हर क्षेत्र में काम हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश भर में अपनी सरकार के काम बता रहे हैं, विधायक अपनी-अपनी विधानसभा सीट स्तर पर विकास काम गिना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष खासकर कांग्रेस नेता, नीति, नेतृत्व विहीन हो गई हैं। वहां नेता सोच रहे हैं कि किस आधार और विषय को लेकर राजनीति करेंगे। वहीं, भाजपा में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी की विचारधारा है, कार्यकर्ताओं की फौज है जो हर नेता उम्मीद करता है। कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 23 विधानसभा सीटें जहां भाजपा की हार हुई हैं, लोकसभा चुनाव में उन्हें जीतना है। इसी वजह से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट किच्छा, नानकमत्ता में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। लक्ष्य है कि हर विस सीट से 70 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में हो। इस दौरान प्रदेश मीडिया सह प्रभारी चंदन बिष्ट, भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, कमल पांडे, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

**बदहाली** | आरटीओ रोड से त्रिमूर्ति मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग में गड्ढों से चलना हुआ मुश्किल, गैस गोदाम रोड से आरटीओ रोड तक 900 मीटर सड़क खस्ताहाल

# 'बाबूजी' धीरे चलना, बड़े गड्ढे हैं इस राह में...जोखिम भरा है सफर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण शहर तथा आसपास की आंतरिक सड़कों का हाल खराब है। सड़कों पर हुए गड्ढों से इन सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा है। आए दिन इन सड़कों पर गिरकर दो पहिया चालक घायल हो रहे हैं।

आरटीओ रोड से जुड़ने वाले तमाम लिंक मार्ग जर्जर हो चुके हैं। इनमें गोविंदपुर गरवाल, आरटीओ रोड से कमलुवागांजा त्रिमूर्ति मंदिर की ओर जाने वाली सड़क और गैस गोदाम रोड से आरटीओ रोड की ओर जाने वाली करीब 900 मीटर की सड़क का हाल बहुत खराब है। इस सड़क पर दर्जनों गड्ढे हो चुके हैं। जिसके चलते ये गड्ढे अब वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालों के लिए भी खतरनाक हो चुके हैं। क्षेत्र में कई आवासीय कॉलोनियां व आरटीओ ऑफिस होने से इस सड़क पर ट्रैफिक काफी अधिक रहता है। आए दिन इन सड़कों पर वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार होते रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी सालों से इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। सड़क का ढाल भी सही नहीं होने से सड़कों में जलभराव की भी स्थिति बनी रहती है।

**भारी वाहनों के चलते सड़क हो रही क्षतिग्रस्त :** आरटीओ रोड से कमलुवांगाजा त्रिमूर्ति मंदिर की ओर जाने वाले लिंक मार्ग पर भारी वाहनों के आने-जाने से सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह बड़े गड्ढे हो चुके हैं। इस सड़क के जर्जर होने से वासुदेवपुरम के निवासियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क से उठने वाली धूल से लोग परेशान हैं।





गैस गोदाम रोड से आरटीओ रोड जाने वाले लिंक मार्गों की खस्ता हालत। ● अमृत विचार

### 6 करोड़ रुपये का लोनिवि ने तैयार किया प्रस्ताव

**हल्द्वानी :** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि करीब 1.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 6.5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव विभाग ने तैयार किया है। इसमें डेढ़ लेन से लेकर सिंगल लेन तक की सड़कों का निर्माण शामिल है। इनमें गोविंदपुर गरवाल से आरटीओ कार्यालय तक की सड़क का चौड़ीकरण, आरटीओ कार्यालय से मधुबन कॉलोनी, वंसुधरा बंसत कॉलोनी समेत अन्य इलाकों के सड़कों के मरम्मत के काम शामिल हैं।

### बोले स्थानीय लोग



"पिछले कई सालों से सड़क खस्ताहाल बनी हुई है। लिंक मार्ग के रूप इस सड़क का उपयोग सबसे अधिक किया जाता है। लेकिन मौजूदा समय में बड़े वाहनों के गुजरने से सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। -**बलवीर सिंह**, वासुदेव पुरम"



"लंबे समय से इन सड़कों को मरम्मत की दरकार हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई तत्परता नहीं दिखाई गई। कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन समस्या जस की तस है। -**कमल सिंह रजवार**, गोविंद पुर गरवाल"

# स्कूल के सामने से छात्रा के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** तल्लीताल क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल के गेट के समीप आठवीं की छात्रा के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से टल गई। छात्रा के शोर मचाने पर लोग मदद को पहुंचे तो आरोपी वाहन लेकर फरार हो गया।

सोमवार शाम स्कूल की छुट्टी के बाद शहर निवासी छात्रा स्कूल गेट के समीप घर के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इस बीच गेट के समीप खड़ी वैन से एक युवक उतरकर उसके पास पहुंचा। युवक छात्रा की मम्मी की ओर से बुलाये जाने की बात कहकर वाहन में बिठाने लगा। जब छात्रा ने मम्मी के घर पर नहीं होने की बात कही तो युवक पापा के बुलाने की बात करने लगा। जिस पर छात्रा ने उससे पापा का नाम पूछ लिया। युवक पापा का नाम तो नहीं बता पाया, मगर छात्रा का हाथ खींच जबरन वाहन में बैठाने लगा। हाथ छुड़ाकर छात्रा समीप ही स्थित दूसरे स्कूल परिसर के भीतर चली गई, जहां सुरक्षा कर्मी व अन्य कर्मचारी बाहर पहुंचे तो संबंधित युवक वाहन लेकर फरार हो गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे गुरु सिंह सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने छात्रा के परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी खंगालने में जुट गई है। वाहन और युवक की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप



शपथ ग्रहण करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### अनूप सिंह बिष्ट संरक्षक और रमेश बिष्ट बने अध्यक्ष

**रामनगर :** शांतिकुंज कल्याण समिति लखनपुर रामनगर के वार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। जिसमें अनूप सिंह बिष्ट संरक्षक, रमेश बिष्ट अध्यक्ष, संतोष पपनै सचिव, रोहित बिष्ट उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर पंत कोषाध्यक्ष तथा लक्ष्मण जोशी को उपसचिव चुना गया। संस्थापक सदस्य हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि समिति वर्ष 2015 से लगातार क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि शान्तिकुंज की नई कार्यकारिणी शान्तिकुंज मोहल्ले की समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम में भुवन शर्मा, पूरन पाण्डे, गणेश जोशी, प्रदीप पाण्डे, नवेन्दु जोशी, घनश्याम तिवारी, पंकज सती, आनन्द पाण्डे, मनोज मनराल, जितेंद्र पाण्डे, नवीन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में निकाली संविधान सम्मान यात्रा

**हल्द्वानी :** रामगढ़ क्षेत्र में संविधान सम्मान रैली निकाली गई। रैली रामगढ़ ब्लॉक के कई गांवों से होकर गुजरी। रामगढ़ ब्लॉक के ग्राम भियालगांव से संविधान जागरूकता बाइक रैली की शुरूआत हुई। रैली भियालगांव से नथुवाखान, हरिनगर, मौना, खेरदा होते हुए गहना में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास आकर संपन्न हुई। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान प्रकाश चंद्र, प्रेम पथिक, राकेश कुमार, जगदीश चंद्र, त्रिलोचन, घनानंद, भुवन आर्य, पंकज कुमार, गणेश आर्य, पुष्कर नयाल, अजय कुमार, राजेश आदि रहे।

### संत नव योगेंद्र महाराज का गोधाम में स्वागत

**हल्दूचौड़ :** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के प्रमुख प्रख्यात कथावाचक, अंतर्राष्ट्रीय संत नव योगेंद्र महाराज का सोमवार को गोधाम हल्दूचौड़ पहुंचने पर स्वागत किया गया। नव योगेंद्र महाराज मंगलवार से से 17 अप्रैल तक चलने वाली श्रीराम कथा में कथावाचक के रूप में अमृतमय वर्षा करेंगे। वह वृंदावन से अपराह्न 3 :00 बजे गोधाम पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी रामेश्वर दास, गोपीनाथ दास, नारद मुनि दास, सतीश दास, केवल दास, भरत श्रेष्ठ दास, बाला दत्त खोलिया, चंदू खोलिया, लक्ष्मी खोलिया समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।




रैंक सेरेमनी के दौरान मौजूद कैडेट्स।। ● अमृत विचार

### रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी की ओर से रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर अंडर ऑफिसर संजना बिष्ट ने अपनी रैंक ज्योति सती को प्रदान की। अंडर ऑफिसर महिमा छिमवाल व प्रियंका ने अपनी रैंक क्रमशः वंदना व ज्योति राणा को प्रदान की। रैंक सेरेमनी में मुस्कान और भावना सार्जेंट, साक्षी और शिवानी ने कॉर्पोरल तथा सुमन और अल्फ़िजा ने लांस कॉर्पोरल की रैंक प्राप्त की। प्राचार्य प्रो .एमसी पाण्डे, चीफ प्रोक्टर प्रो .एसएस मौर्य ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ .कृष्णा भारती तथा 79 यूके बीएन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट ( डॉ .) डीएन जोशी ने कैडेटों से कतर्व्यनिष्ठा एवं अनुशासन की आशा की।

### मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीता क्रिकेट मैच

**हल्द्वानी :** जीएनजी क्रिकेट मैदान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक क्रिकेट लीग में सोमवार को मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने अल्मोड़ा क्रिकेट एकेडमी को 10 विकेट से कराया। मेहरा स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अल्मोड़ा क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 14 ओवर में 62 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 7 .3 ओवर में लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया।

### मुख्यमंत्री धामी की मालधन में जनसभा कल

**रामनगर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 अप्रैल को दोपहर 1 :00 बजे मालधन के डिग्री कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए लोगों से समर्थन मांगेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख और गढ़वाल संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी भी मौजूद रहेंगे। पार्टी ने अपने तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं से जनसभा में पहुंचने की अपील की। इस दौरान पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी सभा को संबोधित करेंगे।



गेहूं काट रहीं महिलाओं को कांग्रेस की नीतियां बताते कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल।

### कोटाबाग में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया प्रचार

**कालाढूंगी :** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रचार प्रसार में ताकत झोक दी है। सोमवार को कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोटाबाग क्षेत्र में प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में वोट डालने का अनुरोध किया। कुलदीप तड़ियाल ने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निवीर भर्ती व नीतियों से लोग अब परेशान हो चुके हैं। इस दौरान निकेश बधानी, नीरज बिष्ट, संदीप लटवाल, पवन कपकोटी, चन्द्र सिंह, ललित बिष्ट, खजान बिष्ट, पंकज कपकोटी सहित अनेक युवा मौजूद रहे।



बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी व अतिथि। ● अमृत विचार

### खिलाड़ियों और दर्शकों को मतदान की शपथ दिलाई

**रामनगर :** ग्राम छोई क्षेत्र में युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। खेल विभाग की ओर से बॉक्सिंग रिंग में अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच देवेंद्र भट्ट के नेतृत्व में खिलाड़ियों की बॉक्सिंग बाउट का आयोजन किया गया। इसमें 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि मनोज नयाल एसएसआई कोतवाली रामनगर, विशिष्ट अतिथि दिनेश चंद धौलाखंडी, सहायक कृषि अधिकारी की ओर से प्रथम बाउट के शुभारंभ के बाद खिलाड़ियों व दर्शकों को मतदान की शपथ दिलाई। जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल एवं आयोजन सचिव भट्ट की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस दौरान जीतेन्द्र बिष्ट, त्रिलोक सिंह जीना, राजेंद्र नैगी, दिनेश चंद धोलाखंडी, कुबेर सिंह, भगवती जोशी, चंदन सिंह मेहरा, नवीन जोशी, नंदन सिंह नेगी, जीवानंद नैनवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपामय हुई नैनीताल संसदीय सीटः भगत

## विधायक ने 60 से अधिक कांग्रेसियों को हाथ छुड़ाकर थमाया कमल, केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**कार्यक्रम**

▶▶ देवलचौड़ बंदोबस्ती, चांदनी चौक, रामपुर रोड, फूलचौड़ के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर सदस्यता ग्रहण करने वाले जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने कांग्रेस के 60 से अधिक जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

सोमवार को ऊंचापुल स्थित आवास पर हुए कार्यक्रम में विधायक भगत ने वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में देवलचौड़ बंदोबस्ती खाम, फूलचौड़, चांदनी चौक, कालीपुर, रामपुर रोड के 60 से अधिक ग्राम प्रधान व कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के बाद नैनीताल संसदीय सीट भाजपामय हो चुकी है, कांग्रेस को झंडा और बूथ पर बस्ता पकड़ने के लिए कार्यकर्ता भी नहीं मिल रहा है। जो भी कार्यकर्ता स्वाभिमानी है, कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहा है।

लोकसभा चुनाव के परिणाम देश के विकसित भारत बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। आने वाले समय में कालाढूंगी विधानसभा सीट पर ढूंढने से भी कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं मिलेगा। कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व प्रधान विनीता, प्रधान निशा कुल्याल, बीडीसी सदस्य शीला गोश्वामी, दीवान सिंह मेहरा, उपप्रधान आलोक कांडपाल आदि शामिल रहे। उधर बहुजन समाजवादी पार्टी के रोहित गिरी गोस्वामी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वह वर्तमान में गैबुआ रहते हैं, लोकसभा चुनाव में दिल्ली से बसपा के टिकट के लिए दावेदारी भी कर चुके हैं। इस दौरान महेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, जिपं उपाध्यक्ष आनंद दरमवाल, देवेंद्र ढैला, महेंद्र अधिकारी, प्रीतम सिंह बिष्ट, प्रेम बल्लभ पाटनी, जमन सिंह, सुभाष चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट भाजपा में शामिल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। ऊधमसिंह नगर दौरे पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष भट्ट नानकमत्ता, किच्छा में कार्यकर्ताओं से संवाद करने पहुंचे थे। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई है। इस बीच उन्होंने भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट उनकी धर्मपत्नी जिला पंचायत सदस्य गीता बिष्ट को भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई और आगामी लोकसभा चुनाव में जीजान से जुटने को कहा। बता दें कि हरीश बिष्ट नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के करीबी माने जाते हैं। वह आर्य के साथ ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए थे, फिर उन्हीं के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। उनकी सदस्यता ने कांग्रेस को झटका दिया है। वह दो बार और उनकी पत्नी एक बार ब्लॉक प्रमुख रह चुकी है।

### विकास नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाया

**लालकुआं, अमृत विचार:** विकास नहीं तो वोट नहीं, नारे के साथ अब संजय नगर लाइन लालकुआं में भी बैनर लगाकर मतदान बहिष्कार का ऐलान किया गया। मतदाताओं के अनुसार मुस्लिम समुदाय के नाम से पहचान रखने वाले इस मोहल्ले की जनप्रतिनिधियों की ओर से हमेशा उपेक्षा की गई है। जिस कारण मोहल्ले के संपर्क मार्ग, नालियां व उनका मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि जागरुक मतदाताओं ने कहा कि राज्य गठन के बाद तत्कालीन कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने इस मोहल्ले का विकास किया था। उल्लेखनीय है संजय नगर लाइन पर हाथी खाने में 60 फीसदी मुस्लिम व 40 फीसदी हिंदू निवास करते हैं। जो हमेशा आपसी भाईचारे के प्रतीक व एक दूसरे के त्योहारों में शिरकत करते हैं। लेकिन मतदान के संबंध में अधिकांश लोगों का कहना है कि उनके मोहल्ले में विकास कार्यों की अनदेखी की गई।

## देश में अमृत नहीं, दिग्विजय काल चल रहा हैः कोश्यारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि देश में इस समय अमृत काल नहीं, बल्कि दिग्विजय काल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।



कोश्यारी सोमवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेसियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेसी भी राम को मानने लगे हैं। राम सबके हैं और राम को हर किसी को मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने राजनीति से सन्यास लिया है, लेकिन राष्ट्रनीति से नहीं लिया है। मैंने जब राज्यपाल का पद छोड़ने की इच्छा जाहिर की तो प्रधानमंत्री ने मेरे सम्मान का पूरा स्मरण रखा था। उन्होंने समर्थ लोगों से अपील की कि वह बड़ी मात्रा में सोलर पैनल लगवाएं।

इस योजना में सब्सिडी भी दी जा रही है। कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए घरों में सोलर पैनल लगाना जरूरी है। इस दौरान किशोर पंत, सचिन शाह, प्रदीप बिष्ट, साकेत अग्रवाल, तरुण बंसल, रेनू अधिकारी, हरिमोहन अरोरा आदि लोग थे।

## हनुमान ने जलाई लंका, जयकारों से गूंजा पंडाल

संवाददाता, हल्द्वानी



महिला रामलीला में हनुमान और रावण संवाद का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** पुनर्नवा महिला समिति के तत्वावधान में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रही महिला रामलीला में सोमवार को लंका दहन का मंचन हुआ। हनुमान का पात्र निभा रहीं तनुजा जोशी ने जैसे ही रावण की लंका दहन की वैसे ही पूरा पंडाल जयश्री राम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला में रावण का पात्र नीतू रौतेला, विभीषण मीनू जोशी, सीता तेजस्विनी, त्रिजटा कुसुम बोरा, अक्षय कुमार अलका टंडन, रावण दूत उर्वशी बोरा, दीपा तिवारी, मेघनाद सुमन शाह, मंदोदरी बीना डसीला और सुग्रीव का पात्र प्रिया कश्मीरा ने निभाया।

वहीं समुद्र के रूप में ममता जोशी, बाल हनुमान निवेदिता जोशी, नर्तकी भूमिका जोशी, राक्षस कंचन तिवारी, रोली पंत, अदिति, नीता गुप्ता, बाल अंगद निर्विका नेगी, वानर सेना वैभवी बिष्ट, खुशी बड़ोला, श्रेया मेहरा, गरिमा बड़ोला, नल सरिता रावत और नील का पात्र कुसुम बोरा ने निभाया। इससे पूर्व उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल डब्बू, पूर्व राज्य मंत्री ललित जोशी, कर्नल एमएस चौहान ने दीप प्रज्वलित कर मंचन का शुभारंभ किया। इस मौके पर अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, रेखा रावत, अंजना बोरा, कुसुम बोरा, कमला रौतेला आदि मौजूद रहे।

### तीन बेटियां और देवरानी-जेठानी जीत रहीं दिल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रामलीला में महिलाएं अपने अभिनय से सबका दिल जीत रही हैं। महिलाओं ने साबित कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। नवाबी रोड निवासी शंकर दत्त जोशी की बेटी लक्षिता, दिव्यांशी और सिद्धि अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। रामलीला में लक्षिता सीता, दिव्यांशी भरत और सिद्धि शत्रुघ्न का किरदार निभा रही हैं। वहीं उनके पिता भी ग्रीन रूम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा गौलापार की दो महिलाएं जो देवरानी-जेठानी हैं, वे भी अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। जेठानी नीमा रावत बंदीजन और देवरानी सरिता रावत रणव दरबार में राजा का पात्र निभा रही हैं।

### बलूनी का दो दिवसीय जनसंपर्क और सभाएं आज से

**रामनगर, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी मंगलवार से दो दिवसीय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह जनसंपर्क, रोड शो, जन मिलन और सभाओं में भाग लेंगे तथा 10 अप्रैल को मालधन चौड़ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा विधानसभा क्षेत्र मीडिया प्रभारी गणेश रावत ने बताया कि बलूनी दोपहर बाद तीन बजे रामनगर विधानसभा की सीमा पर मोहान से प्रवेश करेंगे। वहां से सुंदरखाल, गर्जिया होकर ढिकुली, रिंगोड़ा होते हुए आमडंडा पहुंचेंगे। शाम पांच बजे लखनपुर सब्जी मंडी में जनसभा और जनमिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे। विधायक दीवान सिंह बिष्ट और विधानसभा प्रभारी प्रताप बोरा ने पदाधिकारियों से जनसभा तथा दौरे को सफल बनाने की अपील की।

### चार दिन से पेंटर लापता

**हल्द्वानी :** काम के लिए घर से निकला पेंटर लापता हो गया। शिवालय कॉलोनी वार्ड 55 डहरिया निवासी अनिल कुमार उर्फ पप्पू पेंट करने का काम करते हैं। उनकी पत्नी माया देवी ने बताया कि चार अप्रैल को पप्पू घर से काम करने के लिए निकले थे और फिर लौट कर नहीं आए। माया ने टीपीनगर पुलिस को तहरीर दीहै।

### नैनीताल कारागार से 20 कैदी सितारगंज और हल्द्वानी शिफ्ट

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल कारागार से 20 कैदियों को सितारगंज और हल्द्वानी शिफ्ट किया गया है। क्षमता से अधिक कैदियों को रखने और अव्यवस्था पर स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जेल प्रबंधन हरकत में आया। कोर्ट के निर्देश के बाद कैदियों को शिफ्ट कर दिया गया। अब भी जेल में 142 कैदी हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई कर कोर्ट ने क्षमता से अधिक रखे गए कैदियों को सितारगंज जेल भेजने को कहा था। जिस पर जेल प्रबंधन ने तत्काल कार्रवाई की। जेल अधीक्षक संजीव ह्यांकी ने बताया कि 20 कैदियों को अन्यत्र शिफ्ट किया गया है। सितारगंज भेजे गए कैदियों में दो कैदी उम्र कैद की सजा वाले हैं।

### कोटाबाग-कालाढूंगी सड़क खस्ताहाल

**कालाढूंगी, अमृत विचारः** कोटाबाग-कालाढूंगी मोटर मार्ग खस्ताहाल होने से राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि इस मार्ग पर कालाढूंगी से मूसाबंगर तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। गड्ढे बनने के साथ रेता बिखरा हुआ है।

इस मार्ग पर आये दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कालाढूंगी-कोटाबाग मोटर मार्ग मूसाबंगर, पतलिया, बजूनियाहल्दू, देगांव, देचौरी, नौंदा, गिन्ती गांव सहित अन्य ग्राम सभाओं को जोड़ता है। शिकायत के बाद भी लोनिवि अधिकारी सड़क को ठीक नहीं करवा रहे हैं जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लोनिवि के जेई उमा शंकर कुकरेती ने बताया कि टेडंर हो चुका है। जल्द ही डामरीकरण का कार्य शुरू किया जायेगा।

## फाटो जोन को मिला 2.41 करोड़ का राजस्व

संवाददाता, रामनगर

**उपलब्धि**

▶▶ अब तक 452 विदेशी समेत 1.87 लाख से अधिक पर्यटकों ने की सफारी

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन ने इस वर्ष कमाई के पुराने रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जनवरी 2022 से शुरू हुए इस पर्यटन जोन में अब तक करीब 1.87 लाख पर्यटक सफारी कर चुके हैं। इनमें 452 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं।

बता दें कि पिछले पर्यटन सत्र 2022-23 में यहां 80902 सैलानियों ने सफारी की थी, जिससे 1.65 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। इस बार 98 हजार से अधिक पर्यटक सफारी कर चुके हैं, जिनसे 2.41 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन टाइगर साइटिंग के लिए कॉर्बेट के ढिकाला जोन की तरह मशहूर हो चुका है। इस कारण यहां पर्यटकों की आवाजाही वर्षभर बनी रहती है। नाइट स्टे की सुविधा शुरू होने के बाद सैलानी यहां रहना पसंद करते हैं। विशेषकर ट्री हाउस उन्हें आकर्षित करता है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि फाटो जोन में बेहतर टाइगर साइटिंग और सुविधाएं पर्यटकों को भा रही हैं। दो और ट्री हाउस तैयार किये जा रहे हैं, जिससे सैलानियों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी।

## बनभूलपुरा हिंसा में बदला गया एक जांच अधिकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मामले में दर्ज तीन मुकदमों में एक मुकदमे के जांच अधिकारी को बदल दिया गया है। इस मुकदमे की जांच पूर्व कोतवाल हरेंद्र चौधरी कर रहे थे।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हिंसा भड़की थी। नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची तो विरोध कर रहे लोगों ने हिंसा कर दी। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज हुए। पहला मुकदमा हिंसा, आगजनी, सरकारी कार्य में बाधा डालने का था। इसकी जांच सीओ लालकुआं संगीता को सौंपी गई थी। दूसरा मुकदमा नगर निगम की ओर से दर्ज कराया गया था, जिसकी जांच तत्कालीन चोरगलिया थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर कर रहे हैं। तीसरा मुकदमा मुखानी पुलिस ने दर्ज कराया था। आरोप सरकारी गाड़ी में आगजनी, लूटपाट और सरकारी असलहा चोरी करने का था।

इस मामले की जांच इंस्पेक्टर हरेंद्र चौधरी कर रहे थे। चौधरी के दूसरे जिले में स्थानांतरण होने पर जांच शहर कोतवाल उमेश मलिक कोसौंपदीगईहै। मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक समेत करीब सौ लोगों को जेल में हैं।

### ओपन टेनिस में हल्द्वानी चैंपियन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दो दिवसीय ओपन टेनिस कुमाऊं कप में हल्द्वानी की टीम चैंपियन रही। जबकि 60 प्लस डबल्स इवेंट का खिताब हेम कुमार पांडे व अजय एलहेंस ने जीता। रानीखेत के टेनिस कोर्ट में आयोजित प्रतियोगिता में पहले लीग मैच में द सेवन वंडर्स हल्द्वानी ने 18 प्वाइंट के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। रामनगर टाईगर्स 16 प्वाइंट के साथ दूसरे स्थान पर रहा। जबकि नैनीताल पीक 12 प्वाइंट के साथ तीसरे, हिमालयन स्पोर्ट्स विलेज रुद्रपुर 10 प्वाइंट के साथ चौथे तथा रानीखेत गुलदार 8 प्वाइंट के साथ पांचवें स्थान पर रहा। फाइनल मैच हल्द्वानी और रामनगर के बीच खेला गया।



## सार संक्षेप


कांग्रेस के जनसंपर्क में शामिल नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### डाक बंगला क्षेत्र के वार्ड दो में किया जनसंपर्क

**भीमताल :** भीमताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड संख्या 2 डाक बंगला भीमताल क्षेत्र का भ्रमण कर लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे। जनसंपर्क कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनोतिया, पूर्व चेयरमैन सतीश लाल वर्मा, जिला युवा उपाध्यक्ष नीरज कुमार, महिला नगर अध्यक्ष हेमा परगाईं, विपिन चंद्र सनवाल, सभासद सीमा टम्टा, खुशीराम, रामपाल गंगोला, इंद्रजीत बिष्ट, देवेंद्र सिंह फर्त्याल, मनोज कुमार आर्य, शुभम नैनवाल, केविंद्र बिष्ट आदि रहे।

### तीन दिन से पानी नहीं आने पर लोग परेशान

**भीमताल :** मल्लीताल क्षेत्र में तीन दिनों से ब्लाक परिसर का पंप खराब होने से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता खासी परेशान है। उपभोक्ता पानी के लिए प्राकृतिक स्रोतों पर निभर हैं। मालूम हो कि भीमताल शिक्षा का हब बनते जा रहा है। ऐसे में कई विद्यार्थी कमरे किराए पर लेकर रहते हैं और पढ़ाई करते हैं। पानी नहीं आने के कारण वह भी खासे चिंतित हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी जल संस्थान से हर पंप में एक स्टैंडबाई पंप को रखने की मांग की।

### डोलमार के रेस्टोरेंट में पकड़े शराब के 72 पव्वे

**नैनीताल :** ज्योलीकोट चौकी क्षेत्र डोलमार के एक रेस्टोरेंट में पुलिस ने देसी शराब के 72 पव्वे बरामद किए हैं। रविवार को मुखबिर की ओर से पुलिस को नैनीताल-हल्द्वानी रोड में डोलमार के एक रेस्टोरेंट में अवैध शराब की बिक्री होने की सूचना मिली। सूचना के बाद शाम को पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेस्टोरेंट की भी तलाशी ली गई। पुलिस को रेस्टोरेंट में अवैध शराब के पव्वे मिले। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक अर्जुन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कुविवि के शोधार्थी को मिला गुरु सम्मान



**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के शोधार्थी प्रो. अरविंद कुमार मौर्य को कोर यूनिवर्सिटी रुड़की के वर्धमान सभागार में आयोजित गुरु सम्मान समारोह में सीओईआर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति जेसी जैन ने गुरु सम्मान से सम्मानित किया। उनके शैक्षिक और साहित्यिक कार्यों की प्रशंसा कर कुलपति डॉ. अंशुल मित्तल ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अरविन्द कुमार युवा साहित्यकार और शैलेश मटियानी साहित्य के अध्येता हैं। उनकी पांच से अधिक पुस्तकें तथा अनेक पत्र-पत्रिकाओं में कविता और लेख प्रकाशित हो चुके हैं। उनके सम्मानित होने पर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त कर इसे महाविद्यालय की विशेष उपलब्धि बताया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क

**नैनीताल।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेता हेम आर्य ने सोमवार को बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट, शिमलखां, ऊंचाकोट, ओढ़ा, बासकोट, गैरखल आदि ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव प्रचार प्रसार कर भजापा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगे। इस दौरान शुभम कुमार, पुष्कर सिंह जलाल, आनंद जलाल, गणेश बोरा, देवेन्द्र बोरा, ग्राम प्रधान सीमा आर्य, सुनीता आर्य, चनर राम, आनंदी देवी, जानकी देवी भवानी राम, गिरीश चंद, पुष्पा देवी, हरीश, विनोद, धन सिंह, उत्तम सिंह, नंदन सिंह, उमराव सिंह, आनंद सिंह, पुष्कर सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### टैक्सी चालकों और पर्यटकों के बीच मारपीट

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में सोमवार को काठगोदाम से दो टैक्सी चालक पर्यटकों को नैनीताल लेकर पहुंचे। तल्लीताल पहुंचने के बाद पैसे के लेनदेन को लेकर उनमें विवाद हो गया। दोनों पक्षों में धक्का मुक्की होने लगी। इस पर गुस्साए पर्यटकों ने एक टैक्सी चालक को पीट दिया। किसी तरह अन्य टैक्सी चालकों ने बीच बचाव किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो पर्यटक शांत हुए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि दोनों को पक्षों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

### नशे में धुत पर्यटक मांगने लगे कालगर्ल

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल पंत पार्क में शराब के नशे में धुत पर्यटकों पर फड़ संचालक ने कालगर्ल मांगने का आरोप लगाया है। फड़ संचालक के इनकार व विरोध करने पर पर्यटकों की ओर से गाली-गलौच व मारपीट पर उतारु होने की बात कही गई है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस पर्यटकों को कोतवाली ले गई। वहां भी नशे की हालत में पर्यटकों ने जमकर हंगामा किया। कई घंटे कोतवाली में बैठाए रखने के बाद उनका नशा टूटा। पर्यटकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि वैष्णोपुरम कॉलोनी बरेली निवासी राहुल सिंह मेहरा व विमल लाल के विरुद्ध चालान की कार्रवाई कर छोड़ दिया गया।

### जंगल में आग जलाकर पार्टी करने पर चालान

**नैनीताल :** शहर के अयारपाटा वन आरक्षित क्षेत्र के जंगल में आग जलाकर पार्टी करने पर वन विभाग की टीम ने युवकों का चालान किया है। शनिवार को नगर पालिका वन रेंज की वन दरोगा विमला नगरकोटी अन्य कर्मियों के साथ टिफिन टॉप क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस बीच उन्होंने पहाड़ी के एक कोने में धुआं उठता हुआ देखा। जिस पर विभागीय कर्मियों ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि आरक्षित वन क्षेत्र में आग लगाकर पार्टी करने वाले अयारपाटा निवासी महेंद्र सिंह रावत सौरभ रावत व अन्य के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

### कार सवार पर्यटक ने बाइक को मारी टक्कर

**नैनीताल :** तल्लीताल में कार चालक पर्यटक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। सोमवार को तल्लीताल डाठ क्षेत्र में मल्लीताल निवासी युवक बाइक से मल्लीताल को जा रहा था। इस बीच पीछे से आ रहे दिल्ली के पर्यटक ने कार से बाइक सवार को टक्कर मार दी। पर्यटक कार लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने माल रोड में कार चालक पर्यटक को रोक लिया, जिसके बाद कार चालक ने अपनी गलती मानते हुए बाइक सवार को हुए नुकसान की भरपाई की। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि आरोपी कार चालक दिल्ली निवासी मृदुल का चालान किया है।


स्वामी राम कैंसर अस्पताल के सामने चौराहे पर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

### कैंसर अस्पताल के सामने लगा जाम, एमएनए फंसे

**हल्द्वानी :** स्वामी राम कैंसर अस्पताल के सामने चौराहे पर सोमवार को लंबा जाम लग गया। मौके पर कोई भी पुलिसकर्मी नहीं था। जिस पर स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से जाम खुलवाया। शाम करीब सात बजे कैंसर अस्पताल के सामने पूरी तरह से वाहनों का जाम लग गया। हीरानगर को जाने वाली सड़क, रामपुर रोड को जाने वाली सड़क और एसटीएच जाने वाली सड़क के अलावा आईटीआई रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का वाहन भी फंस गया। वह भी वाहन में थे। मौके पर कोई भी पुलिस कर्मी न होने की वजह से करीब 15 मिनट तक जाम की स्थिति रही।

### हिंदू नववर्ष पर 1100 दीयों से धर्मशाला जगमग

**हल्द्वानी :** हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर हिंदू धर्मशाला को दीयों से जगमग किया गया। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने हिंदू धर्मशाला में 1100 दीयों से हिंदी में 2081 हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं लिखकर लोगों को हिंदू नववर्ष मनाने के लिए जागरूक किया। दीयों की जगमग से धर्मशाला का बहुत ही सुंदर दृश्य दिखाई दे रहा था। अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू और संरक्षक रुपेंद्र नागर के नेतृत्व में संस्था ने कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# 798 बुजुर्गों और 403 दिव्यांगों ने घर बैठे किया मतदान

## आठ अप्रैल से नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जिले में घर बैठे मतदान प्रक्रिया शुरू, आज भी होगा मतदान, वंचित रहने वाले लोग कल दे सकेंगे वोट

**2249** मतदाता नैनीताल सीट पर घर से करेंगे मतदान | **03** दिन तक चलेगा घर बैठे मतदान का काम | **07** बजे से 120 पोलिंग टीमें एमबीपीजी कॉलेज से रवाना | **37** सर्विस वोटर व 4 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/रुद्रपुर/काशीपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 में विधिवत मतदान सोमवार से शुरू हो गया है। नैनीताल जिले में 684 और ऊधमसिंह नगर में 517 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया।

नैनीताल जिले के नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 1076 और 497 दिव्यांग मतदाता हैं हालांकि इनमें रामनगर विस सीट के 69 बुजुर्ग और 70 दिव्यांग पौड़ी का सांसद चुनेंगे। इन मतदाताओं से घर बैठे मतदान संपन्न कराने के लिए सोमवार की सुबह 7 बजे से 120 पोलिंग टीमें एमबीपीजी कॉलेज से रवाना हुईं। हर टीम के लिए रूट पहले से ही निर्धारित था। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। तीन दिन के चरण में पहले दिन जिले में 399 बुजुर्गों और 285 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कुल 684 मतदाताओं ने मतदान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने सभी एआरओ को निर्देश दिए हैं कि घर पर मतदान की गोपनीयता बनाए रखें। इस दौरान अनावश्यक वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी ना की जाए। प्रथम चरण में अधिक से अधिक मतदान पूर्ण कर लिया जाए।

इधर, ऊधमसिंह नगर के पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी विवेक राय ने बताया कि मतदान के लिए हर विधानसभा सीट पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ कुल 44 टीमें मतदान में लगाई गईं थीं। सुबह आठ बजे मतदान शुरू हो गया। इसमें 85 वर्ष से अधिक बुजुर्गों व दिव्यांगों को उनके घर पर ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। शाम पांच बजे पोस्टल बैलेट में 169 दिव्यांग मतदाताओं व 348 बुजुर्गों कुल 517 मतदाताओं ने घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि 37 सर्विस वोटर व चार मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। यह सभी हरिद्वार जिले से यहां आकर चुनाव ड्यूटी करने आए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भी मतदान की प्रकिया जारी रहेगी। जो मतदाता सोमवार को मतदान से छूट गये हैं वे 10 अप्रैल को पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं।


हल्द्वानी में पोस्टल बैलेट करते बुजुर्ग।


काशीपुर में घर पर मतदान करते बुजुर्ग। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा में रवाना होतीं पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव : 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर पर किया मतदान

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से वोट दिलाने की सुविधा के लिए सोमवार को लोकसभा के अल्मोड़ा और सीमांत जिले पिथौरागढ़ से पोलिंग पार्टियां संबंधित गांवों की ओर रवाना हुई। पोलिंग पार्टियों में एक मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, सुरक्षा कर्मी और माइक्रो आब्जर्वर शामिल हैं। पहले दिन पोलिंग पार्टियों द्वारा कई बुजुर्गों और दिव्यांगों को पोस्टल बैलेट की मदद से घर उनके घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सोमवार को बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान, इंजीनियरिंग कालेज द्वाराहाट, रानीखेत और भिकियासैंण से पोलिंग पार्टियों को रवाना कराया गया। रवाना होने से पूर्व कार्मिकों ने चुनाव सामग्री प्राप्त की। जिसके बाद वह संबंधित इलाकों की ओर रवाना हो गए। जनपद अल्मोड़ा में 378 दिव्यांग मतदाता एवं 1637 बुजुर्ग मतदाता हैं। जिन्होंने घर से ही वोट करने के लिए आवेदन किया था। इन मतदाताओं में से जो मतदाता सोमवार को किन्हीं कारणों से घरों पर नहीं मिल पाएंगे। उनके लिए 10 अप्रैल, 11 अप्रैल तथा 14 अप्रैल की तिथियां भी आरक्षित की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि विधानसभा रानीखेत के लिए रिजर्व समेत 18, द्वाराहाट के लिए 16, सोमेश्वर के लिए 23, सल्ट के लिए 11, अल्मोड़ा के लिए 39 तथा जागेश्वर के लिए 21 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। वहीं सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भी सोमवार को अलग अलग विधानसभाओं में वृद्ध और दिव्यांग जनों को पोस्टल बैलेट से घर पर ही मतदान की सुविधा देने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गई।

# पेट्रोल पंप पर शौचालय और हवा भरने की मशीन मिली बंद

ब्यूरो, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने सोमवार को तल्लीताल स्थित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय बंद होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ग्राहकों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

मंडलायुक्त दीपक रावत को ई-मेल से शिकायत मिली थी कि तल्लीताल स्थित पेट्रोल पंप में शौचालय, हवा भरवाने वाली मशीन कक्ष में हमेशा ताला लटका रहता है। निजी लोग वाहनों में हवा भरते हैं और ईंधन में भी घटतोली होती है। इस पर मंडलायुक्त रावत ने सोमवार को पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेट्रोल पंप स्वामी को तत्काल शौचालय एवं पहियों में हवा भरने की मशीन शुरू करने के निर्देश दिए। बाट माप अधिकारी को पंप पर मौजूद माप तोल उपकरणों को सत्यापित कर आख्या देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गाइड लाइन के अनुसार पेट्रोल पंप स्वामी आमजन को छह सुविधाएं देने के लिए बाध्य होते हैं। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप पर अनिवार्य रूप से पीने का पानी, पहियों में हवा भरने की सुविधा, शौचालय, प्राथमिक उपचार किट और फोन की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करानी है।


पेट्रोल पंप का स्थलीय निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### बाल सुंदरी मंदिर के परिसर में घुसा गुलदार

**रामनगर, अमृत विचार :** प्रसिद्ध बाबा गुलरसिद्ध मंदिर की तलहटी पर स्थित माता बाल सुंदरी देवी मंदिर परिसर में बने बाथरूम में अचानक गुलदार घुस गया। गुलदार को घुसते देखकर लोगों में हड़कम्प मच गया। मगर कुछ उत्साही युवकों ने साहस दिखाते हुए गुलदार को बाथरूम में ही बंद कर दिया।

इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओ पूनम कैंथोला वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद वन कर्मियों द्वारा इस गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने की कार्रवाई शुरू की गई। मगर बाथरूम के समीप पूरा इलाका खुला एवं जंगल का होने के कारण गुलदार को रेस्क्यू नहीं किया गया। गुलदार जंगल की ओर भाग गया। बताया जाता है कि यह गुलदार काफी जख्मी है।


निर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ललित तिवारी बने बार एसोशिएसन के अध्यक्ष

संवाददाता, रामनगर

**चुनाव**

▸▸ **रामनगर बार एसोशिएसन का चुनाव संपन्न, सचिव पद पर संतोष देवरानी विजयी घोषित**

**अमृत विचार:** रामनगर बार एसोसिएशन की द्विवार्षिक कार्यकारिणी के लिए सोमवार को ललित मोहन तिवारी अध्यक्ष चुने गए। चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 25 मतों से शिकस्त दी। उपाध्यक्ष पद पर ललित मोहन पांडे को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद पर संतोष देवरानी विजयी रहे। निर्वाचन के बाद विजयी प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश कुमार मासीवाल और सहायक चुनाव अधिकारी एमएस मेहता ने पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सोमवार सुबह रामनगर बार एसोसिएशन कक्ष में सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हुआ। 105 सदस्य अधिवक्ताओं में से 98 ने मतदान किया। मतों की गिनती के बाद शाम 4.30 बजे परिणाम घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर 47 वोट लेकर ललित मोहन तिवारी विजयी रहे, जबकि प्रदीप अग्रवाल 22, ललित मोहन जोशी 17 और रतन सिंह चौहान 12 मत पा सके।

सचिव पद पर संतोष देवरानी 62 वोट पाकर निर्वाचित हुए, उनके प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र सिंह रावत को 36 मत मिले। उपसचिव के दो पदों पर 70 वोट पाकर रणजीत सिंह और 64 मत पाकर गणेश कुमार गगन निर्वाचित हुए। इस पद पर तीसरे प्रत्याशी राशिद खान को 43 मत मिले। कोषाध्यक्ष के लिए बलवंत सिंह बिष्ट चुने गए। उन्हें 52 मत मिले, जबकि रविशंकर चौधरी को 46 वोट हासिल हुए। लेखा निरीक्षक में मोहम्मद यूनुस को 51 मत मिले। इस पद पर अंकुर गोयल 4 वोट कम 47 मत पा सके। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर हिमांशु अग्रवाल 61 लेकर चुने गए। कार्यकारिणी के सभी सात सदस्य निर्विरोध चुने गए। इनमें जावेद अख्तर, गिरधर सिंह बिष्ट, बृजेश शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, सुहाना तबस्सुम, गुलनाज सिद्दीकी और शोभित कश्यप शामिल हैं।

### पौड़ी, हरिद्वार में प्रियंका और अल्मोड़ा आएंगे खड़गे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को उत्तराखंड का दौरा करेंगी। इसके बाद राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को पौड़ी और हरिद्वार में जनसभा करेंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अल्मोड़ा में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे की तिथि रविवार को घोषित होने वाली थी, लेकिन किन्हीं कारणों से यह टल गई। अनुमान है कि राहुल गांधी नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने आ सकते हैं।

# ईद पर लोगों में उत्साह, बाजार सजा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी उत्साह है। शहर के आजाद मार्केट, लाइन नंबर एक, लाइन नंबर 17, ताज चौराहा, ईदगाह रोड, नया बाजार, मीरा मार्ग, रेलवे बाजार में जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। बड़ी संख्या में लोग दुकानों में खरीदारी के लिए उमड़ रहे हैं।

इमाम मोहम्मद रिजवान ने बताया कि ईद रोजेदारों के लिए एक तोहफा है। ईद-उल-फितर में मीठे पकवानों और मिठाई का बहुत महत्व है। इसमें सभी से मीठे अंदाज में बात की जाती है, इसलिए इसे मीठी ईद भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि ईद में बिरयानी, शीर (चावल को दूध में पकाकर बनाया जाने वाला पकवान), खीर, दही-बड़ा, फुलकी (बेसन का मीठा पकवान), सेवईयां, बकरे के पाए, मटन स्टू आदि प्रमुख पकवान खाए जाते हैं।


ईद के आते ही लाइन नंबर 8 में रात के समय बाजार में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार


बेरीपड़ाव में आयोजित जिला सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते आयोजक।

### अजय भट्ट ऊर्जावान एवं कर्मठ

**लालकुआं :** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट को ऊर्जावान एवं कर्मठ नेता बताया। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ जिला नैनीताल की ओर से बेरीपड़ाव में आयोजित जिला सम्मेलन को संबोधित कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने यह बात कही। कार्यक्रम में विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, युवा भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, एडवोकेट पुष्पा भट्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विधानसभा प्रभारी कमलनयन जोशी, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक जोशी, लालकुआं मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, दीपक बहुगुणा, जगदीश पंत, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अलका जीना, कमलेश चंदोला, वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत नरुला, अशोक पढालनी और निधि मेहरा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कटऑफ मामले में हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक (एलटी) के लिए जारी विज्ञप्ति में अभ्यर्थियों की आयु सीमा कटऑफ तिथि को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत देते हुए उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग (यूकेएसएसएससी) को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं के आवेदन पत्रों को स्वीकार करें। मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 अगस्त की तिथि नियत की गई है। यूकेएसएसएससी को छह सप्ताह में जवाब पेश करने और याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर देने के निर्देश दिए गए हैं।

मामले के अनुसार चमोली निवासी सुरेंद्र सिंह व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया कि यूकेएसएसएससी की ओर से 14 मार्च 2024 सहायक अध्यापक (एलटी) के रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। विज्ञप्ति में चयन आयोग ने शर्त रखी थी कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की उम्र की गणना 1 जुलाई 2024 के आधार पर की जाएगी जबकि याचिककर्ताओं का कहना था कि आयु की गणना 1 जुलाई 2023 के आधार पर होनी थी क्योंकि सहायक अध्यापक के रिक्त पदों की विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से पहले की है। विज्ञप्ति बाद में जारी हुई है जिसकी वजह से वह इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने से बाहर हो गए हैं। आयु की गणना 1 जुलाई 2023 के आधार पर की जानी चाहिए न कि 1 जुलाई 2024 के आधार पर। चयन आयोग ने सहायक अध्यापक एलटी नियमावली 2014 के नियमों का पालन नहीं किया है इसलिए आयु सीमा की शर्त पर रोक लगाई जाए।

### नवदंपत्ति को सुरक्षा देने के आदेश की अवहेलना की जांच ऊधमसिंह नगर एसएसपी करें

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नवदंपत्ति की ओर से सुरक्षा मुहैया कराने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति कोतवाली में देने पर जांच अधिकारी द्वारा उन्हें सुरक्षा देने के बजाय आदेश की अवहेलना करते हुए उन्हें डराने धमकाने की शिकायत के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मौखिक रूप से निर्देश दिए हैं कि ऊधमसिंह नगर एसएसपी मामले की जांच करें और सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार, किच्छा निवासी मुस्कान और रवि रस्तोगी एक वर्ष से रिश्ते में थे। बीती 26 फरवरी को परिवार वालों के विरुद्ध जाकर उन्होंने शादी कर ली। शादी की सूचना के बाद उन्हें मुस्कान के चाचा लोगों की तरफ से जान से मारने की धमकी मिलने लगी। अपनी सुरक्षा को लेकर नवदंपत्ति ने बीती चार अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने किच्छा पुलिस को उन्हें सुरक्षा देने के आदेश दिए। जब नवदंपत्ति इस आदेश की प्रति किच्छा कोतवाली ले गए तो आदेश की प्रति देखर जांच कर रहे विवेचना अधिकारी ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना की और उन्हें डराया धमकाया। इस मामले को सोमवार को नवदंपत्ति ने कोर्ट के सम्मुख रखा। इसपर कोर्ट ने ऊधमसिंह नगर एसएसपी को मौखिक निर्देश दिए कि वह इस मामले की जांच करें और सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें। याचिकाकर्ताओं का यह भी कहना है कि पुलिस की ओर से केस को रफादफा करने के लिए एक लाख रुपये की मांग भी की जा रही है। पुलिस ने लड़के के परिवार वालों के साथ मारपीट भी की। केस वापस लेने के लिए अन्य लोगों से भी फोन कराया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### सोलो में स्नेहा और ग्रुप में रंगीलो राजस्थान विजयी


प्रतिभागियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

**पंतनगर :** पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में वेट वीक के तहत 'झंकार' नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो वेट वीक की चौथी प्रतियोगिता थी। प्रतियोगिता के सोलो में 14, डुएट में पांच और ग्रुप में तीन प्रतिभागियों ने प्रदर्शन किया। सोलो मे पहले स्थान पर स्नेहा नेगी, दूसरे पर मेधावी नैनवाल व आंचल शाह और तीसरे स्थान पर प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की जान्हवी भट्ट और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के देवाशीष नाथ महंत रहे। ग्रुप में पहला स्थान रंगीलो राजस्थान ने हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर लावण्या, (साक्षी व वैदेही) और तीसरे स्थान पर अलीशा व निधि रहे। यहां वेटरनरी सोसाइटी की स्टाफ काउंसलर डॉ. मीना मृगेश, स्टाफ काउंसलर डॉ. अमित प्रसाद, अपूर्वा रावत, प्रियांशी डोभाल, पियूष पांडे आदि मौजूद थे।

### चेतना परिषद का आज कैंपस स्कूल में नवारंभ 2081

**पंतनगर :** सांस्कृतिक चेतना परिषद और जीबी पंत कृषि विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण की ओर से मंगलवार को भारतीय नववर्ष संग कृषि नववर्ष महोत्सव नवारंभ का आयोजन किया जाएगा। कैंपस स्कूल के जनक नायर ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र सिंह शिरकत कर रहे हैं। इस दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान सहित विवि के अधिष्ठाता, निदेशक, प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहेंगे।

### इफ्तार पार्टी में की गई अमन चैन की दुआ


खटीमा की जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में शिरकत करते लोग।

**खटीमा :** जामा मस्जिद में रविवार की शाम को जामा मस्जिद प्रशासक कामिल खान तथा इमाम सैयद इरफान रसूल की मौजूदगी में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जहां मुस्लिम समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने भी सामूहिक रूप से इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया। जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि माहे रमजान एकता व भाईचारे की सीख देता है। वहीं जामा मस्जिद के इमाम द्वारा प्रातः 9 :00 बजे ईद के नमाज की घोषणा की गई है। इस अवसर पर 15 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के सदस्य तारिक मलिक, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, मुस्तकीम मलिक, हाफिज्जुर रहमान, राजू कुरैशी, जावेद रजा, शकील अंसारी, आरिफ अंसारी, शाकिर अली, आशु सिद्दीकी, जाहिद अहमद, सद्दाम रजा, राहिब मलिक आदि रहे।

### छात्रों को स्वरोजगार के लिए किया प्रोत्साहित


एसबीएस महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** सरदार भगत सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज रुद्रपुर में 12 दिवसीय देवभूमि उद्यमिता योजना का समापन प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उद्यमिता का युग है और नौकरियों की कमी के चलते स्वरोजगार आजीविका का बेहतर साधन है। सोमवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पीएम तिवारी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व प्रबंधक यूको बैंक चारु चंद्र उप्रेती ने बैंकिंग प्रक्रिया बताई। वहीं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के समन्वयक संजीव भटनागर, समन्वय कविता तागरा, रिताक्षी छाबड़ा एवं प्रसनजीत आदि मौजूद रहे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आरएएन में हुई कार्यशाला


विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** युवा पीढ़ी के अलावा समाज को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आरएएन स्कूल में हार्टफुलनेस समूह पर कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विद्यार्थियों ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. सीमा अरोरा, भारतीय हिंदू विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान से स्नातक विवेक त्रिपाठी और मनोवैज्ञानिक रिया त्रिपाठी ने दीप जलाकर किया। कार्यशाला में कक्षा आठ से दस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य भावना भनोट ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर संस्थान के एमडी मोहित राय, संचालिका निधि राय आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने जसपुर में कीं नुक्कड़ सभाएं


जसपुर क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभा में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

**जसपुर :** लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सोमवार को जसपुर क्षेत्र के ढाई दर्जन गांवों का तूफानी दौरा कर व्यापक जनसंपर्क किया। जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं। अंत में जसपुर के गांधी पार्क पर भी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। भ्रमण में पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, सुरेन्द्र सिंह चौहान, सरवन सिद्धू, डॉ. सुदेश कुमार चौहन, वीरेंद्र सिंह चौहान, महिपाल सिंह चौहान, शुभम चौहान, हरपाल सिंह चौहान आदि शामिल रहे।

# डीएम ने मलसा गिरधरपुर में शुरू की गेहूं की कटाई

**पहल**

- किसानों से बोये गये बीजों, उर्वरक और कीटनाशकों की जानकारी ली
- 43.3 वर्ग मीटर खेत में फसल काटकर प्राप्त की 21 किग्रा उपज

संवाददाता, रुद्रपुर


मलसा गिरधरपुर में गेहूं की फसल काटते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह की निगरानी में मलसा गिरधरपुर में फसल की कटाई की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं गेहूं काटकर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान निर्धारित खेत से कुल 21 किग्रा गेहूं की उपज प्राप्त हुई।

सोमवार को कृषि एवं सांख्यिकी विभाग के नियमानुसार मलसा गिरधरपुर की किसान अंजू रानी के खेत में 43.3 वर्ग मीटर का प्लॉट बनाकर क्राप कटिंग के लिए चिन्हित किया गया था।

इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान से बोये गये बीज, उर्वरक, कीटनाशकों आदि के संबंध में जानकारियां लीं। साथ ही बताया कि जिले में क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जाते हैं। इस मौके पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, सांख्यिकी अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, राजस्व उपनिरीक्षक पिपेन्द्र चौहान समेत कई कृषक उपस्थित रहे।

## बेटियों एवं सिख महिलाओं को सम्मानित किया गया

संवाददाता, सितारगंज


एक बेटी को सम्मानित करते आयोजक।

**अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में बैसाखी कार्यक्रम का गुरु महाराज की अरदास कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से बेटियों एवं सिख महिलाओं को सम्मानित किया गया।

श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने कहा कि सिखों का इतिहास हर पल देश और मानवता की सेवा करना रहा है। कार्यक्रम में पंजाब से आई गतका पार्टी ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस दौरान सिख समाज से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में भी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा मोहन सिंह एवं अग्रसेन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट की टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, सुखवीर बेदी, अजीत सिंह जोसन, गुरदयाल सिंह, महेश मित्तल, हरप्रीत सिंह, कर्मजीत सिंह चन्ना, हरजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, रोशन लाल अग्रवाल, रमेश गोयल, विलायती राम कक्कड़, जागीर सिंह, गुरमीत सिंह, विजय सलूजा, राजेश शैली आदि मौजूद थे।

## महिला ने लगाया भांजे पर चोरी का आरोप

**किच्छाः** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में रिश्तेदार युवक पर मोटर साइकिल, नगदी तथा जेवर चुराने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायत की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस को दी शिकायत में कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 5, नानक नगर, बंडिया निवासी शीला रानी पत्नी दीपक सिंह ने बताया कि विगत 19 अक्टूबर 2023 को पीड़िता अपने परिवार के साथ बरेली जिला अंतर्गत बहेड़ी में अपने मायके गई थी तथा इसी दिन की रात्रि करीब 9 बजे पीड़िता का भांजा ग्राम पश्चिम खानपुर, थाना गदरपुर निवासी विवेक सिंह उर्फ राज घर आया और घर से पल्सर बाइक के अलावा घर में रखी नगदी एवं सोने के जेवरात उठा ले गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी विवेक सिंह थाना गदरपुर के ग्राम पश्चिम खानपुर में अपने ताऊ वीर सिंह के घर में निवास कर रहा है। आरोपी द्वारा तीन दिनों से रिपोर्ट वापस लेने का दवाब बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# नुक्कड़ सभा में कांग्रेस के लिए मांगे वोट

**चुनाव**

संवाददाता, बाजपुर


बेरिया दौलत में मंचासीन कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए सोमवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं कर जनता से वोट मांगे।

इस दौरान बेरिया दौलत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि किसान, मजदूर, नौजवानों को रोजगार, कर्ज माफी के साथ ही जन कल्याण के लिए कार्य करना केवल कांग्रेस की ही सोच है। प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि वह जहां भी जा रहे हैं उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नैनीताल के पूर्व विधायक यशपाल आर्य, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, डीके जोशी, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, सपा नेता अरविंद यादव आदि मौजूद थे।


कांग्रेस प्रत्याशी जोशी का माल्यार्पण कर स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### गदरपुर में भी कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत

**गदरपुर :** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी का नगर में पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सोमवार को कांग्रेस के नैनीताल सीट से लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी कांग्रेस नेता अजय गाबा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर विर्क, अजय गाबा, राजेश बाबा, शराफत अली मंसूरी, संजीव अरोड़ा, इंद्रपाल सिंह, मिकी भगत, संजीव छाबड़ा मौजूद थे।

### 1252 मतदान-पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**पंतनगर :** लोकसभा चुनाव के सुचारु संपादन के लिए सोमवार को चौथे दिन खटीमा व नानकमत्ता विधानसभा के पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण पंतनगर विवि के गांधी हॉल में दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने खटीमा के 603 व नानकमत्ता के 649 पीठासीन/मतदान अधिकारियों को दो पालियों में सैद्धांतिक और ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आवंटित कार्यों का निष्पक्ष और कुशल संचालन करें। इस दौरान अजय सिंह, श्याम आर्य, केएस रावत, विवेक राय, सुभाष गुप्ता सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी मौजूद थे।

### अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाएं



**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने परिसर के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, श्रमिकों और विद्यार्थियों को अपील जारी कर कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाएं।


एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण करते व्यय पर्यवेक्षक टी शंकर। ● अमृत विचार

## चेकिंग के दौरान 2लाख 95 हजार की नगदी पकड़ी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर एसएसटी (ई) टीम ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों से 2 लाख 95 हजार रुपये की नगदी पकड़ी।

सोमवार को एसएसटी (ई) के प्रभारी सैयद अख्तर हसन नकवी के नेतृत्व में टीम उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर के ग्राम अब्दुल्ला नगर में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो युवक बाइक संख्या यूके 06 बीबी 6535 पर आते दिखाई दिए। इस पर टीम ने मोहम्मद एजाज की जेब से 1 लाख रुपये और रहमत अली निवासी टाह अलीपुर थाना मिलकखानम के पास से एक लाख 95 हजार रुपये की धनराशि मिली। कोई जानकारी न देने पर टीम ने दो लाख 95 हजार रुपये को जब्त कर लिया। टीम प्रभारी सैयद अख्तर हसन नकवी ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी।

### चेक पोस्टों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

**रुद्रपुर :** व्यय पर्यवेक्षक टी शंकर ने गदरपुर विधानसभा में स्थित सकैनिया, केलाखेड़ा एवं नावाबगंज बॉर्डर क्षेत्र में स्थित एसएसटी चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव जो कुछ ही दिनों में होने वाला है। इसके लिए पैनी नजर रखने के निर्देश संबंधित टीमों को दिये।

# डैम के सुरक्षा कर्मियों के साथ की मारपीट

- नशे में धुत युवकों ने कार्यालय में की तोड़फोड़

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** पुलभट्टा थाना अंतर्गत बैगुल डैम के दो सुरक्षा कर्मियों के साथ नशे में धुत युवकों ने मारपीट कर कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चौकी पुलिस को दी शिकायत में बैगुल डैम के सुरक्षा कर्मी ग्राम कठंगरी, थाना सितारगंज निवासी मकूल अहमद ने कहा कि वह अपने साथी सुरक्षा कर्मी हरेंद्र सिंह के साथ ग्राम बरा स्थित बैगुल डैम में दो दिन पूर्व शाम को ड्यूटी पर तैनात था। बताया कि इसी दौरान शाम करीब 5 बजे ग्राम गुरुनानक नगरी, गोठा के कुछ युवक घूमने के लिए डैम पर आए और वहीं बैठकर शराब पीने के बाद आपस में विवाद करने लगे। आरोप है कि आपसी विवाद के बाद आरोपियों ने हंगामा करते हुए डैम पर बने कार्यालय का दरवाजा तथा बाहर रखे फूलों के गमले तोड़ दिए। सुरक्षाकर्मी मकूल अहमद तथा हरेंद्र सिंह ने जब आरोपियों को तोड़फोड़ करने से रोकने का प्रयास किया तो आरोप है कि युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के आरोपी गुरुनानक नगरी गोठा निवासी मिंटू सिंह, सुरजीत सिंह तथा उनके साथियों से जान माल का खतरा बना हुआ है क्योंकि वे लोग डैम पर अकेले ही ड्यूटी करते हैं।

## छात्र नेता धन सिंह मेहरा की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**किच्छाः** किच्छा बाइपास पर विगत 30 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में धन सिंह मेहरा की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में जवाहर नगर नगला, थाना पंतनगर निवासी ज्योति मेहरा ने बताया कि विगत 30 मार्च की सुबह करीब 11 बजे उसके पति छात्र नेता धन सिंह मेहरा अपने मित्र ग्राम पजावा, थाना भोट, तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर निवासी मोहम्मद इस्लाम के साथ बाइक पर किच्छा से हल्द्वानी की तरफ जा रहे थे। बाइक को पति धन सिंह मेहरा चला रहे थे जबकि मित्र मोहम्मद इस्लाम पीछे बैठा था। बताया कि मित्र मोहम्मद इस्लाम का भाई मोहम्मद फैजान पीछे-पीछे अपनी बाइक से चल रहा था। पीड़िता के अनुसार किच्छा बाईपास पर शनि मंदिर के निकट रेता बजरी से भरे 12 टायरा ट्रक ने गलत दिशा में आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक पलटने के चलते पति धन सिंह और मोहम्मद इस्लाम दोनों इसके नीचे दब गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जबकि धन सिंह मेहरा की मौके पर मौत हो गई एवं मोहम्मद इस्लाम गंभीर रूप से घायल हो गया।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

**आयोजन**

- टैक्स बार एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता, काशीपुर


टैक्स बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टैक्स बार एसोसिएशन काशीपुर का शपथ ग्रहण समारोह एक स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता नरेन्द्र रस्तोगी एवं विपिन अग्रवाल ने निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चन्द्र अग्रवाल ने अध्यक्ष प्रशांत वर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, सचिव कृष्ण कुमार अग्रवाल, उप सचिव प्रथम नवनीत गोयल, उप सचिव द्वितीय वैभव जिंदल, कोषाध्यक्ष अश्वनी सैनी, ऑडिटर महेश चंद्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी स्वतंत्र नवीन समेत समस्त कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान पिछली कार्यकारिणी के अध्यक्ष संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष मयंक गुप्ता, सचिव विकास वर्मा, एवं कोषाध्यक्ष मुकेश सक्सेना को सम्मानित भी किया गया। समारोह का संचालन विवेक जैन, विपिन अग्रवाल और विकास वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### दो घरों में पकड़ी बिजली चोरी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर** : छापेमार अभियान के तहत दो घरों में बिजली चोरी पकड़ी। विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने टीम के साथ मोहल्ला अल्लीखां में छापे के दौरान अल्ली खां निवासी मुन्नी बेगम व इदरीश के घरों में विद्युत मापक यंत्र से पहले कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने मौके से कई मीटर विद्युत केबिल को भी कब्जे में ले लिया। उपखंड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### मोटर चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जसपुर** : लोगों ने एक मोटर चोर को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।सोमवार को पंजाबी कॉलोनी निवासी एक परिवार ने एक व्यक्ति को मोटर चोरी करके ले जाते समय पकड़ लिया। संजय कुमार निवासी पंजाबी कॉलोनी जसपुर ने सलमान निवासी ईदगाह रोड मौ. जुलाहान वार्ड नं. 7 थाना जसपुर चोरी कर ले जायी जा रही मोटर सहित पुलिस के हवाले कर दिया और घटना के संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया।

### कच्ची शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर** : सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी ने सोमवार की सुबह दबिश देकर ग्राम सरकड़ा निवासी प्रकट सिंह व सुल्तानपुर पट्टी निवासी राकेश सिंह को घर में कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए गिरफ्तार किया। उनके पास से 50 लीटर शराब व उपकरण बरामद किए गए। बरहैनी चौकी की पुलिस ने सोमवार को ग्राम सेमल हरसान निवासी राजू को एक नीले रंग की जरकीन में भरी 50 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### नाबालिग बाइक चालक पर टक्कर मारने का आरोप

**किच्छा** : नाबालिग बाइक चालक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 5, बंडिया भट्टा, किच्छा निवासी अनिल कुमार ने बताया कि विगत 29 मार्च 2024 को उसकी पत्नी एकता सामान खरीदने सड़क पार गई थी। इस दौरान जब वह सड़क किनारे खड़ी थी तो हल्द्वानी की तरफ से आ रही बाइक के नाबालिग चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एकता गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने अनुसार करीब एक वर्ष तक इलाज जारी रहेगा।

## फरार साजिशकर्ता सुल्तान के घर ठहरा था और कराया था पैर का इलाज, दोनों में है गहरी दोस्ती

# हत्यारोपी अमरजीत महीने भर रहा था बिलासपुर में

**बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड**

संवाददाता, रुद्रपुर


हत्यारोपी अमरजीत सिंह।

**अमृत विचार:** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह ने हत्याकांड को अंजाम देने से पहले अपने पैर का उपचार सीमावर्ती अस्पताल में करवाया था। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी अपने जिगरी दोस्त सुल्तान के घर बिलासपुर में रुका था और उपचार कराने के बाद हत्या की साजिश भी वहीं रची गई थी।

बताते चलें कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह पर 315 बोर की राइफल से गोली चलाकर हत्या करने का आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी सिहोरा बिलासपुर यूपी का रहने वाला है और ग्राम द हडा बिलासपुर यूपी निवासी सुल्तान सिंह का जिगरी दोस्त है। तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि 28 मार्च को हत्याकांड को अंजाम देने से पहले फरवरी में हत्यारोपी अमरजीत अपने दोस्त सुल्तान के घर पर रुका था और अपने पैर का इलाज सीमावर्ती अस्पताल में कराया था।

उपचार के दौरान ही फरार चल रहे सुल्तान सिंह और अमरजीत ने बाबा तरसेम की हत्या की साजिश रची। इसके बाद दोनों ने मिलकर सर्वजीत सिंह निवासी तरनतारन पंजाब को हत्याकांड में शामिल करवाया। हथियार मुहैया कराने से लेकर 10 लाख की सुपारी भी शाहजहांपुर, बाजपुर व बिलासपुर से पकड़े गए साजिशकर्ताओं ने मुहैया कराई थी। बताया जा रहा है कि एक माह तक पैर का उपचार कराने के बाद 28 मार्च को बाबा तरसेम की हत्या की तारीख मुकर्रर की गई। पैर में दिक्कत होने की पुष्टि हत्यारोपी अमरजीत की वायरल फुटेज से भी हो रही है। जिसमें बाबा पर गोली चलाने के दौरान भी अमरजीत के पैर में पट्टी बंधी हुई है।

वहीं सुल्तान का नाम भी पुलिस द्वारा किए गए खुलासे में सामने आया है। बताया जा रहा है कि फरार चल रहे सुल्तान पर बिलासपुर यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह शातिर अपराधी प्रवृत्ति का है। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए पुलिस की एक टीम ने बिलासपुर में डेरा डाल दिया है।

### बाबा के खिलाफ हुए आंदोलन में भी शामिल हो चुके हैं मददगार

**रुद्रपुर** : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्याकांड को अंजाम देने वाले हत्यारों को पनाह व मदद करने के दो गिरफ्तार आरोपी रुद्रपुर आए थे और बाबा के खिलाफ हुए आंदोलन में शिरकत भी की थी। पूछताछ में हुए खुलासे के बाद पुलिस ने रुद्रपुर आकर सीसीटीवी खंगाले और पूछताछ भी की। बताते चलें कि नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के हत्यारों के मददगार एवं पनाह देने वाले ग्राम तुलापुर बिलसंडा पीलीभीत निवासी प्रगट सिंह और दिलबाग सिंह को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। खुलासे के दौरान यह बात सामने आई है कि पांच मार्च को बाबा के खिलाफ हुए आंदोलन की बैठक और ज्ञापन सौंपने के दौरान दोनों ही आरोपी पीलीभीत से चलकर रुद्रपुर आए थे। इसका खुलासा होने के बाद सीओ सितारगंज बीएस चौहान और थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह पुलिस टीम के साथ बैठक स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने पांच मार्च की सीसीटीवी फुटेज के अलावा प्रारंभिक पूछताछ की। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आंदोलन के दौरान कौन-कौन शख्स बाहरी यूपी इलाकों से आया था और आंदोलन की आड़ में अपने मंसूबों को अंजाम देना चाहता था। इन सभी पहलुओं पर पड़ताल करने के बाद पुलिस टीम लौट गई।

# बाइक से तस्करी करते 80 किलो मांस बरामद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** गौ संरक्षण स्क्वायड टीम ने बाइक पर ले जाया जा रहा करीब 80 किलो प्रतिबंधित मांस तथा मांस काटने वाले दो बड़े चाकू सहित बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है।

गौ संरक्षण स्क्वायड कार्यालय (किच्छा) टीम के उप निरीक्षक प्रवीण सिंह, पुलिसकर्मी दीवान नाथ, पुलिसकर्मी प्रमोद कुमार, पुलिसकर्मी राजकुमार एवं पुलिसकर्मी बलवंत सिंह देर शाम सिरौली कला क्षेत्र से सुरागरसी करते हुए दरऊ चौक पहुंचे। मुखबिर की सूचना के बाद ग्राम सैंजना मोड़ पर पुलिस को एक मोटर साइकिल पर दो आरोपी नजर आए। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपी मोटर साइकिल पर रखे प्लास्टिक के दो कट्टे छोड़कर खेतों के रास्ते फरार हो गए। पुलिस के अनुसार फरार हुए आरोपी पूर्व में भी गोमांस तस्करी के आरोप में पकड़े जा चुके हैं, पुलिसकर्मियों ने दोनों आरोपियों को पहचान लिया। पुलिस के अनुसार बाइक चला रहा युवक 22 वर्षीय ग्राम दरऊ, कोतवाली किच्छा निवासी सलीम तथा पीछे बैठा युवक ग्राम दरऊ, निकट उमर मस्जिद, थाना किच्छा निवासी ताहिर था। पुलिस ने प्लास्टिक के दो कट्टे में रखे करीब 80 किलो प्रतिबंधित गौमांस को बरामद कर लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी आलोक जोशी मौके पर पहुंचे और प्रथम दृश्यतः बरामद मांस को गौ वंशीय पशु का बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जोशी ने बरामद मांस का सैंपल लेकर डिब्बा सील करते हुए जांच के लिए लैब भिजवा दिया है।

# नई बस्ती में लगी आग में छह झोपड़ियां हुईं राख

## गाय भी झुलसी, विधायक ने दिया छत मुहैया कराने का आश्वासन


खटीमा के प्रतापपुर नई बस्ती में लगी आग से हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक कापड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** प्रतापपुर नंबर पांच नई बस्ती में आग लगने से छह परिवारों की झोपड़ियों सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में एक गाय भी झुलस गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आज पर काबू पाया। इधर विधायक भुवन कापड़ी ने पीड़ितों का हाल-चाल जाना। उन्होंने पीड़ितों को घर बनाने के लिए सीमेंट की चादरों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

प्रतापपुर नई बस्ती में रविवार देर शाम आग लगने से गांव के निवासी लल्लन, सुदामा, लालचंद, अभिजीत, विवेक और सहदेव के घर का सारा घरेलू सामान टीवी, साइकिलें, पंखे, मशीन आदि सहित कपड़े भी जलकर राख हो गए। सूचना पर बमुश्किल मौके पर पहुंच सकी फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। टीम में अग्नि शमन अधिकारी सुभाष जोशी, सुंदर सिंह, लक्ष्मी दत्त, जीवन सिंह, प्रदीप कुमार, पुष्कर राम, अंकिता सिंह, श्वेता आदि थे। बताया जा रहा है कि अग्निकांड में करीब चार लाख का नुकसान हुआ है।

## घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी

**दिनेशपुर:** विवाहिता ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार को प्रातः 8 बजे पूजा हालदार (32) पत्नी नरेंद्र हालदार निवासी वार्ड-आठ ने घर पर फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि नरेंद्र हालदार का विवाह हरिद्वार से 9 वर्ष पूर्व पूजा से हुआ था। पूजा का 8 वर्ष का एक पुत्र भी है। आसपास के लोगों ने बताया कि पति- पत्नी अक्सर झगड़ते रहते थे। सोमवार को नरेंद्र हालदार अपने कार्य के लिए जा रहा था। पूजा हालदार ने घर पर खुदकुशी कर ली। परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनेशपुर नगर में विगत 10 दिनों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की तीसरी घटना है। सूचना पर पहुंचे एसआई लोकेश रावत ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना देने के बाद मृतका के मायके वाले देर शाम तक नहीं पहुंचे थे। दाह संस्कार के लिए उसके परिजनों का इंतजार कर रहे थे। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व मायके पक्ष से कोई तहरीर देने पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# 3 किलो 100 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को दबोचा

**अपराध**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 3 किलो 100 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

प्रतापपुर चौकी प्रभारी नीमा बोहरा अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। तभी उन्हें दिल्ली वाली गली, गड्डा कॉलोनी स्थित एक मकान के पास भीड़ जमा देखी। जो पुलिस को देख तितर-बितर हो गई। शक होने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 3 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम कचनाल गाजी निवासी पीयूष चौहान बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांजे को उसे विक्की निवासी कचनाल गाजी ने लाकर दिया है। जो यहां मौजूद था और पुलिस को देख भाग गया।

बताया कि विक्की गांजा राजपुरा रामनगर से पिंटू से लाता है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

उधर पुलिस ने जांच में सामने आये दोनों आरोपियों की भी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले में लिप्त अन्य लोगों की भी जांच कर रही है।

### तमंचे और कारतूस के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**बाजपुर** : पुलिस ने गश्त के दौरान एक बुजुर्ग को 315 बोर के तमंचे व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। बेरिया दौलत चौकी की पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी बीच टीम ने गुलाब का मझरा श्मशान घाट के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी। वहां पहुंचे मुखबिर ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर व्यक्ति बोर नदी होता हुआ रम्पुराकाजी की ओर जाने वाला है और उसके पास तमंचा भी है। इस पर टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और ग्राम रम्पुराकाजी पार करके ढालन पर बोर नदी की तरफ उतरने लगे तो सामने से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जोकि पुलिस को देखकर सकपका गया पलटकर भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम गुलाब का मझरा निवासी दर्शन सिंह बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

### 9.70 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जसपुर** : पुलिस ने दो तस्करों को 9.70 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में नशा तस्कर अनस निवासी निकट चांद मस्जिद जसपुर और इरफ़ान निवासी नहर पार नई बस्ती जसपुर स्मैक बेचते पकड़ा। दोनों के पास से 9.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# रुद्रपुर में दो बाइकें चोरी

**अपराध**

- थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चोरों ने दी पुलिस को चुनौती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में ऑटो लिफ्टर गैंग ने फिर दो बाइकों को चुराकर पुलिस को चुनौती दे डाली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आदर्श कॉलोनी वार्ड-13 निवासी अनिल नाथ तिवारी ने बताया कि वह शिमला बहादुर स्थित ट्रांसपोर्ट पर कार्य करता है। 24 मार्च की सुबह सात बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 एमआर-3009 को लेकर ड्यूटी गया था। बाइक को कार्यालय के बाहर खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद वापस आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके अलावा मूलरूप से ग्राम खुजेरा जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी शांति विहार कॉलोनी निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह भूरारानी गांव में किराए के मकान में रहता है।

2 मार्च की शाम छह बजे वह अटरिया मंदिर मार्ग से घर लौट रहा था कि नजदीक ही दुकान पर बिरयानी लेने के लिए बाइक को सड़क किनारे लॉक कर खड़ी कर दी और कुछ देर बाद लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। मकान स्वामियों ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## वृद्धा को जंगली जानवर ने किया घायल

**खटीमा:** जंगल में बकरी चराने गई एक वृद्धा को जंगली जानवर ने हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वनक्षेत्राधिकारी ने जायजा लिया।



बिलहरी चकरपुर निवासी गौरी देवी (66) पत्नी संतोष चंद खटीमा रेंज के उत्तरी बनबसा कांपरमेंट 15 में बकरी चराने गई हुई थी। इसी दौरान जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुन जानवर भाग गया जबकि आसपास के लोगों ने पहुंचकर घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# नशा माफिया कर रहा ब्लैकमेल

- उधारी की रकम वापस मांगने पर दी धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर


पत्रकार वार्ता करते पीड़ित कारोबारी बलविंदर सिंह संधू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के रहने वाले कारोबारी ने नशा माफिया पर जान से मारने की धमकी देने और झुठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पत्रकार वार्ता कर आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी दी और पुलिस से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है।

सोमवार की देर सायं प्रेसवार्ता में आइडिया कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह संधू ने बताया कि वह शहर में कारोबार करता है। बताया कि वर्ष 2019 में उसकी मुलाकात खेड़ा के रहने वाले एक युवक से हुई। जिस पर युवक ने मेडिकल का कार्य बढ़ाने के लिए पांच लाख रुपये का उधार लिया और छह माह में वापस करने का आश्वासन दिया। पैसों का दबाव बनाने पर आरोपी ने दो बार में एक लाख की रकम वापस की थी। आरोप था कि जब कई माह तक पैसा नहीं आया, तो पता चला कि दोनों दंपत्ति मादक पदार्थ की तस्करी में जेल चले गए और जब जमानत पर रिहा हुआ तो अन्य मुकदमे होने के कारण फरार चलता रहा।

आरोप था कि जनवरी 2024 में जब आरोपी वापस अपने घर खेड़ा बस्ती आया तो बकाया रकम वापस करने का दबाव बनाया, लेकिन रकम देने की बजाय आरोपी युवक ने फर्जी शिकायती पत्र देकर कनाडा भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाना शुरू कर दिया और उल्टा पैसों की मांग कर ब्लैकमेल करने लगा। आरोप था कि पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी और झूठे मुकदमे में फंसाने का षड्यंत्र कर आला अधिकारियों को पत्राचार करने लगा।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार किए

संवाददाता, रुद्रपुर

- 22 मार्च 2023 को एक राय होकर किया था हमला

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके में पिछले एक साल से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

वार्ड-23 रंपुरा बस्ती निवासी धर्मवीर सिंह ने बताया था कि 22 मार्च 2023 की देर शाम को घर के लोग सो रहे थे। अचानक तमंचे व धारदार हथियार से लैस वहीं के रहने वाले बंटी, अजय, कृष्ण, सोनू, मोनू और कमलेश, मोहित सहित अन्य लोगों ने घर पर धावा बोल दिया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में परिवार के लोग बाल-बाल गए। चीख पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए हमलावर पिछले एक साल से फरार चल रहे थे। रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि रविवार की शाम को लोकसभा चुनाव को लेकर रंपुरा पुलिस चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि 307 के मुख्य हमलावर मुख्य बाजार में देखे गए। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मोनू कोहली और मोहित रस्तोगी निवासी कटोरी मंदिर के समीप वार्ड-23 को गिरफ्तार कर लिया।

**माह-ए-रमजान** — मुरादाबाद और लखनऊ की सेवई की अधिक है मांग

# इस बार 10 प्रतिशत तक बढ़े सेवई के दाम

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में सेवई की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** माह-ए-रमजान का महीना पूरा होने वाला है। तीसरे अशरे के साथ ही ईद की खरीदारी को लेकर भी बाजारों में रौनक होने लगी है। ईद में बनने वाले व्यंजनों में से एक सेवइयों की दुकान सज चुकी है। बाजारों में अलग-अलग दाम और वैरायटी की सेवइयां मौजूद हैं। लेकिन इस बार पिछले साल की तुलना में सेवई के दामों में 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इसकी वजह से इस बार सेवई की मिठास फीकी पड़ सकती है।

ईद को लेकर शहर में जगह-जगह सेवइयों की दुकानें सज चुकी है, हालांकि अभी खरीदी ने रफ्तार नहीं पकड़ी है। महंगे होने के कारण इस बार सेवई 80 से 90 रुपये किलो बिक रही है। वही बारीक सेवई 160 से 180 रुपये किलो बिक रही है। पिछले साल की तुलना में इस बार सेवई के दामों में 10 से 20 रुपये का इजाफा हुआ है। हालांकि बाजार में इस बार मुरादाबाद व लखनऊ की सेवई की मांग अधिक है।

अल्ली खां में सेवई की दुकान लगाए बैठे दुकानदार मोहम्मद सलमान ने बताया कि इस बार सेवई के दाम में बढ़ोत्तरी के कारण लोग कम खरीदारी कर रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार सेवई के दामों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका कारण मैदा व चीनी के बढ़े दाम हैं। एक अन्य व्यवसायी असलम ने बताया कि दाम बढ़ने के कारण लोग पहले मुताबिक, अब सेवइयों की खरीदी कम कर रहे हैं। सेवई के दामों के साथ ड्राई फ्रूट्स और दूध का खर्च अलग है। इनके दामों में भी वृद्धि हुई है।

फिरोज ने बताया कि इस बार बाजार में मुरादाबाद और लखनऊ की बारीक सेवई की मांग है। यह दोनों सेवई खस्ता और खाने में स्वादिष्ट होती है। कुछ ग्राहक बरेली की सेवई की मांग भी करते है। लेकिन इसकी मांग कम है।

## मछली पकड़ने से रोका तो की मारपीट

**रुद्रपुर:** रंपुरा चौकी इलाके में तालाब संचालक ने मछली पकड़ने से रोका तो हथियारबंद दबंगों ने उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड-24 रंपुरा बस्ती निवासी अंकुर पाल ने बताया कि गांव भूरारानी में उसके पिता का मछली का तालाब है। 25 मार्च की दोपहर साढ़े तीन बजे वह अपने पिता व साक्षीदार के साथ तालाब पर बैठा था। इस बीच तालाब पर काम करने वाले प्रेम पाल का भाई व उसका बेटा रोहित निवासी बलवंत कॉलोनी बिलासपुर यूपी अपने भाइयों के साथ आया और जबरन मछली पकड़ने लगा। विरोध किया तो आरोपियों ने फोन कर अपने हथियारबंद साथियों को बुलाया और अभद्रता करते हुए पिता दीनदयाल पर हमला कर घायल कर दिया।

# साफ-सफाई व बिजली के मुद्दे उठे

**अपील**

- कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन
- आपसी सौहार्द के साथ ईद मनाने की अपील

संवाददाता, काशीपुर


कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आपसी सौहार्द के साथ ईद मनाने की अपील की गई।

सोमवार को कोतवाली में सीओ अनुषा बडोला की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया है। इस दौरान लोगों ने ईद के दिन नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्थाएं आदि दुरुस्त रखने की मांग की। सीओ अनुषा बडोला व कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि हमें एक दूसरे के त्यौहार साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने चाहिए।

बैठक में ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान, मुशर्रफ हुसैन, शमशुद्दीन, अशरफ, सोनू पार्षद, अब्दुल कादिर, एमए राहुल, शहजाद अंसारी, शाहिद मंसूरी, पार्षद डिंपल काम्बोज, संदीप, मनोज, शक्ति, गुरजिंदर सिंह, इलियास माहीगीर, फिरोज हुसैन, आरिफ सैफी आदि मौजूद रहे। वहीं ईदगाह के सदर हसीन खान ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 9 बजे से होगी।

# चैती में सजीं दुकानें, आज से शुरू होगा ऐतिहासिक मेला

## 25 प्रकार के झूले और 150 से अधिक लग रहीं दुकानें, मंगलवार की सुबह 11 बजे पूर्व सांसद केसी बाबा और मेला अधिकारी करेंगे शुभारंभ

चैती मेला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेला मंगलवार से शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मेले में 25 प्रकार के झूले व सैकड़ों दुकानों को सजा लिया गया है। पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, मेला अधिकारी, पंडा परिवार समेत शहर के गणमान्य लोग मेले का शुभारंभ करेंगे।

हर साल नवरात्र के पहले दिन लगने वाले चैती मेले में दुकानें, झूले और मौत का कुआं आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस बार अंडर वाटर फिश टनल मेले में आने वालों को खूब भाएगा। मेला प्रशासन के अनुसार मेले में खिलौने, खाने पीने, घरेलू वस्तुओं, महिलाओं के लिए सिंदूर की दुकानें लगी हैं। बताया कि मंगलवार को 11 बजे पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह, चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री आदि मेले का शुभारंभ करेंगे। बताया कि मेला शाम सात बजे से पूरे शबाब पर पहुंच जाएगा।

**बेहतर होगी पार्किंग की व्यवस्था:** मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेले के अंदर वाहन पूरी तरह से प्रतिबंध किए गए हैं। लोग पैदल ही मेले का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि कुंडेश्वरी और चैती चौराहे से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग बनाई गई है। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।



चैती मंदिर को इस तरह से सजाया गया। ● अमृत विचार



आज से शुरू होने वाले चैती मेले के लिए लगाए गए झूले। ● अमृत विचार



मेले में आने वालों के लिए सिलबट्टा तैयार करते दुकानदार। ● अमृत विचार

### रात 12 बजे तक चलेंगे झूले

**काशीपुर :** चैती मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र झूले होते हैं। विभिन्न प्रकार के झूलों का संचालन करने के मानक तय किए गए हैं। इस बार झूले रात 12 बजे तक चलेंगे। अन्य दुकानें सुबह से ही खोल सकते हैं। बताया कि झूलों पर तय मानक से अधिक लोग बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ये सावधानियां बरतें

- मेले में कोई भी संदिग्ध दिखने पर पुलिस को सूचना दें
- छेड़छाड़, मारपीट व अन्य घटनाएं होने पर चुप न बैठें, मेला परिसर में बने थाने में शिकायत करें
- बच्चों के साथ मेला देखने जाएं तो विशेषकर भीड़भाड़ वाले जगहों से बचे
- वाहनों को सड़क के आस-पास खड़ा न करें, अपने वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करें
- मेले में अव्यवस्था दिखने पर 9598314564 पर करें शिकायत।

### मेले में रहेगी सीसीटीवी की नजर, फोर्स तैनात रहेगी

**काशीपुर :** इस बार चैती मेले में व्यवस्थाओं और सुरक्षा को बेहतर बनाने की कोशिश की गई है। सुरक्षा के लिए चैती परिसर में थाना बनाया गया है। वहीं पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। दुकानों के अंदर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं पुलिस के जवान भी लोगों की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे।

### 15 की अर्द्धरात्रि चैती मंदिर पहुंचेगा माता का डोला

**काशीपुर :** चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मंगलवार से मेला शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन से ही मंदिर में पूजा अर्चना को लोग आएंगे। वहीं 15 अप्रैल की अर्द्धरात्रि को नगर मंदिर से माता का डोला चैती मंदिर विराजमान होगा। मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन को विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर को रंग रोगन के साथ ही लाइटों और फूलों से सजाया गया है।

## सार-संक्षेप



खटीमा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं।

### हर छात्र 10 लोगों को मतदान के लिए करेगा जागरूक

**खटीमा :** महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा घर के आसपास कम से कम 10 मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह बोहरा, ईश्वर चंद, सुरजीत सिंह, रामसिंह आदि उपस्थित रहे। स्वीप प्रभारी डॉ. केके मिश्रा, डॉ. मोहन सिंह, डॉ. मनीष बेलवाल इत्यादि उपस्थित रहे।



खटीमा में सेना आयुध कोर के स्थापना दिवस पर उपस्थित पूर्व सैनिक।

### शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**खटीमा :** पूर्व सैनिकों ने सेना आयुध कोर का 249वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। सितारगंज रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सैनिकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वहीं पूर्व सैनिकों ने विचार भी साझा किए। इस अवसर पर एमडी अवस्थी, सुंदर सिंह, केडी लोहनी, धीरेंद्र सिंह, भीम चंद, गोविंद सिंह बोरा, फकीर सिंह, जगत चंद, हुकम सिंह, केएन कापड़ी आदि थे।



खटीमा में डोर टू डोर प्रचार अभियान चलते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर किया प्रचार

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन मे वोट करने की अपील की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर उपाध्यक्ष अनुपमा शर्मा, नीता सक्सेना के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 वाल्मीकी बस्ती अंबेडकर नगर में बीजेपी नेताओं ने वोट मांगे। इस अवसर पर बीजेपी नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, एससी मोर्चा अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, आशू भारती, विवेक भारती, राहुल सक्सेना, रोहित वर्मा उपस्थित थे।



जसपुर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कई आप कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**जसपुर :** प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इंतेज़ार हुसैन की अध्यक्षता में व राष्ट्रीय प्रवक्ता (भाजपा) शाहनवाज़ हुसैन की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मो. दिलशाद ने कई कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें सोनू क़ादरी, डॉक्टर निज़ाम, ज़हीर आलम, नासिर हुसैन, वसीम अहमद, शाहिद सलमानी, सोनू, ललित कुमार, पलविंदर सिंह आदि शामिल रहे।

### लायंस क्लब के संस्थापक सदस्य नरेश तलवार नहीं रहे



नरेश तलवार।

**खटीमा :** लायंस क्लब के संस्थापक सदस्य नरेश तलवार का सोमवार सुबह उनके निवास पर आकस्मिक निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। बगुलिया स्थित तलवार फार्म के स्वामी नरेश तलवार समाज सेवा में बेहद रुचि रखते थे। वह लायंस क्लब खटीमा के संस्थापक सदस्य के साथ ही अध्यक्ष भी रहे थे। वह लंबे समय तक लायंस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन भी रह चुके हैं। पुत्र कपिल तलवार ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह नौ बजे खटीमा के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# धाम में आज से होंगे धार्मिक कार्यक्रम

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** बाबा तारकनाथ धाम में पांच दिनों तक भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। 9 अप्रैल को काली माता, भगवान ब्रह्मा, शीतला माता व बजरंगबली की पूजा के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा।

12 अप्रैल को शिव पार्वती के विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा तथा शिव बारात निकाली जाएगी। 13 अप्रैल को चड़क पूजा का आयोजन होगा। इसमें पश्चिम बंगाल से आने वाले संन्यासियों द्वारा चड़क पूजा की जाएगी। 14 अप्रैल को विशाल भंडारा का आयोजन होगा। प्रत्येक रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मन्दिर परिसर में विशाल मेला भी लगेगा। पूजा महोत्सव व मेले के संचालन के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया है। इसमें सुमित मंडल अध्यक्ष, परेश मंडल उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार सचिव, उज्जवल राय उपसचिव, अनन्त हालदार मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, राजीव मिरवर को आय एवं सुशांत राय, जगदीश मंडल, दिनेश राय को व्यय कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम में सोमवार को शिवलिंग पर जल चढ़ाने उमड़ी शिव भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

### बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में उमड़े शिव भक्त

**शक्तिफार्म :** सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में सोमवती अमावस्या पर जल चढ़ाने को शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने मंदिर के शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, फल, फूल आदि चढ़ाकर बाबा तारकनाथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल, दीपक बड़ाल, ग्राम प्रधान राजा हालदार, अनंत हालदार, परेश मंडल, रंजीत हालदार, सुखसंतोष राय आदि मौजूद थे।

### आज से देवी मंदिरों में होगी विशेष पूजा अर्चना

**काशीपुर/जसपुर :** नवरात्र को लेकर शहर व गांव के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। मंगलवार को नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे। लोगों ने पूजन का सामान खरीद लिया है। मंगलवार से नौ दिनों तक देवी मां की अराधना की जाएगी। इसके लिए शहर व गांव के मंदिरों को फूलों और लाइटों से सजाया गया है। पहले दिन से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचेंगे। काशीपुर में पूजा अर्चना के लिए लोगों ने सोमवार को ही बाजार से पूजन का सामान खरीद लिया है। जसपुर में सोमवार को लोग नवरात्र की तैयारी में जुटे रहे। बाजार में जहां-तहां नवरात्र के पूजन व व्रत की सामग्री की दुकानें सजी देखी गईं।



जसपुर में सजी नवरात्र सामग्री की दुकानें। ● अमृत विचार



मां ज्वाला की ज्योति लेकर नगर में पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मां ज्वाला की ज्योति का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**गदरपुर :** मां ज्वाला जी की पावन ज्योति का नगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। सोमवार को मां ज्वाला जी की ज्योति को लेकर पंडित राजन शर्मा के नेतृत्व में श्रद्धालु नगर में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मुख्य मार्ग पर मां ज्वाला जी की ज्योति को खुली गाड़ी में रखकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में श्रद्धालु मां के भजनों का गुणगान करते हुए चल रहे थे। बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में मां की ज्योत को स्थापित किया गया। जागरण मंडल के महामंत्री गौरव मदान, सोमनाथ छाबड़ा, सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष वेदराज बजाज, किशन लाल बत्रा, राजकुमार भुड्डी, प्रवीण कुमार, अशोक पोपली, सागर कालरा, बंटी छाबड़ा, शिवा शर्मा आदि मौजूद थे।

# अभिभावकों पर बढ़ रहा किताबों का भार

**महंगाई**

- विभिन्न कक्षाओं की किताबों का रेट देख परेशान हैं अभिभावक
- निजी स्कूल मनमाने ढंग से मंगवा रहे किताबें

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही निजी स्कूल अभिभावकों से लूट खसूट करने लगे हैं। स्थिति यह है कि विभिन्न कक्षाओं के किताबों के रेट को दोगुना कर देने से अभिभावकों के सामने आर्थिक तंगी छा गई है। इससे अभिभावक परेशान हैं। मानपुर रोड स्थित एक स्कूल ने तो अभिभावकों की खरीदी हुई किताबों को वापस कर दिया है। किसी अन्य किताब विक्रेता से किताबें खरीदने को दवाब डाला जा रहा है।

काशीपुर में एक दर्जन से अधिक निजी स्कूल हैं। नया शिक्षा सत्र के साथ ही नई किताबों मंगवाने का दौर शुरू हो गया है। स्कूल संचालन पर्चे पर दुकान का नाम और कौन-कौन सी किताबें खरीदनी है, उनका नाम लिखकर दे रहे हैं। बताया कि दुकानों पर जाते ही किताब व कॉपियों के रेट देखकर अभिभावक दंग हो रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले साल कक्षा एक की किताब और कॉपी दो हजार रूपये में आ गई थी। इस बार रेट चार हजार रूपये के करीब है। यही हाल अन्य कक्षाओं का भी है। वहीं मानपुर रोड स्थित एक स्कूल ने तो मनमानी की हदें पार कर दी है। पहले अभिभावकों से किताबें मंगवा ली, किताबों पर बच्चों का नाम तक लिख दिया। अब किताबों को अन्य जगहों से खरीदने को कहा जा रहा है। हालांकि अभिभावकों ने लिखित में दे दिया है कि वह अन्य जगहों से किताबें नहीं खरीद सकते। इसको लेकर कई अभिभावकों ने स्कूल को किताबें वापस कर दी हैं।



> किताबों के रेट बढ़ाने की शिकायत आ रही है। एनसीईआरटी की किताबें खरीदवाने को कहा गया है। टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी। **- धीरेंद्र कुमार शाहू**, प्रभारी बीईओ।

### चुनिंदा दुकानों से किताबें खरीदवा रहे स्कूल

**काशीपुर :** अभिभावकों से चुनिंदा दुकानों से किताबें खरीदने को बोला जा रहा है। रेट कम करने की बात कोई मान नहीं रहा है। इससे अभिभावक परेशान हैं। बताया कि किताबों के अलावा पेंसिल रबर तक दाम बढ़ा दिए गए हैं।

### इस माह के अंतिम सप्ताह तक आएंगी किताबें

काशीपुर : प्रभारी बीईओ ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पुरानी किताबों से ही पढ़ाया जा रहा है। नई किताबों की डिमांड भेज दी गई है। बताया कि अप्रैल अंतिम सप्ताह तक स्कूलों में किताबें पहुंच जाएगी। अधिकांश टीचर चुनावी ड्यूटी में लगे हैं।

**आस्था** धूमधाम से मनाई श्री झूलेलाल महाराज की जयंती, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु, विधायक बेहड़ ने भी की शिरकत

# झूलेलाल महाराज की पालकी की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** सिंधी समाज के ईष्ट देव श्री झूलेलाल महाराज की जयंती पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। सोमवार को झूलेलाल महाराज की पालकी की शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के बीच निकाली गई। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने ₹एक शाम -श्री झूलेलाल के नाम₹ संध्या में कई भजन प्रस्तुत किए।

श्री झूलेलाल सेवा समिति के बैनर तले श्री झूलेलाल पार्क एवं मंदिर को सुंदर तरीके से सजाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली एवं समिति अध्यक्ष गुलशन सिंधी ने संयुक्त रूप से श्री झूलेलाल महाराज की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पूजा अर्चना के पश्चात नगर क्षेत्र में सिंधी समाज से जुड़े दर्जनों श्रद्धालुओं ने झूलेलाल महाराज की पालकी के साथ शोभायात्रा निकाली। ढोल नगाड़ों के बीच दर्जनों श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में सुंदर भजनों पर डांडिया नृत्य किया। शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने भी शिरकत की। इसके बाद झूलेलाल मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मंदिर में माथा टेका। मौके पर बाहर से आए गायक कलाकारों ने भजन संध्या में भगवान झूलेलाल की महिमा का गुणगान किया। श्री झूलेलाल सेवा समिति अध्यक्ष गुलशन सिंधी ने कहा कि निकटवर्ती ग्राम गिद्धपुरी में भी मंगलवार को शोभा यात्रा तथा विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, युवा समाजसेवी मनोज सिंधी, वरिष्ठ नेता संजीव कुमार सिंह, पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, सुनीता कश्यप, अरुण तनेजा, सतपाल गाबा, रविंद्र आयलानी, राजू वासवानी, नितिन फुटेला, सागर तनवानी, दिलीप आयलानी, सुंदर साहनी, आरती सिंधी, कंचन सिंधी, पूनम सिंधी आदि मौजूद रहे।



किच्छा में निकली शोभायात्रा में झूमते सिंधी समाज के लोग। ● अमृत विचार

## महिला सहित पांच वारंटी गिरफ्तार

**बाजपुरः** बन्नाखेड़ा व बरहैनी चौकी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर लंबे समय से फरार चल रहे विभिन्न मामलों में वांछित एक महिला समेत पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामले में नामजद फरार चल रहे ग्राम गजरौला निवासी बंशीलाल, सुरजीत सिंह, ग्राम टांडा अमीचंद निवासी छिंदोबाई व ग्राम उझानी जंगल निवासी मलकीत सिंह को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इसके अलावा बरहैनी चौकी की पुलिस ने दबिश देकर ग्राम हजीरा बरहैनी निवासी सुच्चा सिंह को गिरफ्तार किया है।

# आईएमटी ने बार एसो. को नौ विकेट से हराया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज (आईएमटी) और बार एसोसिएशन के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। इसका शुभारंभ कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेन्द्र शर्मा व बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव प्रदीप चौहान, टीम मैनेजर उमेश जोशी, निदेशक प्रशासन पीके बख्शी, रजिस्ट्रार सुधीर दुबे व क्रीड़ाप्रभारी दीपक गुप्ता ने टॉस कराकर किया।

20-20 ओवर के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बार एसोसिएशन ने 105 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में आईएमटी काशीपुर ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 7 ओवर में 106 रनों के लक्ष्य को 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बार एसोसिएशन के तरफ से हिमांशु बजाज, विवेक मिश्रा, मेहराज खान, विवेक शर्मा एवं आईएमटी से बेहतरीन बल्लेबाज चमन, गेंदबाज अर्जुन मक्कड़, अमन, अभिशेक व प्रियांशु 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। विकेट कीपर यथार्थ आत्रेय रहे। अंपायर पंकज रावत व कमेंटेटर मयंक जोशी, रोहित नायक, विजय पाल एवं राजकुमार रहे।

## एक नजर

### भाजपा से जुड़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ता : गौरव

**रानीखेत :** आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र में भाजपा की सरकार बननी तय है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। आज मोदी सरकार से प्रभावित होकर कांग्रेस के लोग भाजपा से जुड़े हैं। यह बात प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे ने कहीं। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे ने कहा कि भाजपा के 9 वर्ष के कार्यकाल में मोदी सरकार में गरीब कल्याण योजनाएं, उज्जवला, किसान सम्मान, हर घर नल, अटल आवास, आयुष्मान, मुफ्त राशन योजना चलाकर आम जनता को राहत दी गई। कहां की अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र में अनेकों विकास योजनाएं मानसखंड कौरिडोर जिसके अंतर्गत यहां के अनेक ऐतिहासिक मंदिरों को पर्यटन से जोड़ा गया। क्षेत्र में अनेक राजकीय मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के साथ क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बनाने की योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। सांसद अजय टम्टा का कार्यकाल काफी महत्वपूर्ण रहा। उनके प्रयास से कई महत्वपूर्ण जनहित योजनाओं को धरातल में उतारा गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी कुंदन लटवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, अश्वनी भगत, चंद्रशेखर, नीरज तिवारी, उमेश पंत, दर्शन बिष्ट, दर्शन मेहता, पावस जोशी, विनोद कुमार, रोहित शर्मा, संदीप गोयल, पुष्पा तिवारी आदि मौजूद थे।

# मोदी को है देश की चिंता, कर रहे विकासः धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुग नाकुरी में सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

▸▸ भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, बोले सैनिकों के हाथ मजबूत किए और युवाओं को दिया रोजगार

संवाददाता, बागेश्वर


दुग नाकुरी में चुनावी सभा में पारंपरिक कुमाऊंनी वाद्य बजाते सीएम पुष्कर सिंह धामी, साथ में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा व अन्य।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा परिवारवाद की चिंता करते हुए राजनीति करती है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे अंदाज नहीं लग रहा है कि कांग्रेस देश के विकास की सोच रखती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है, जबकि कांग्रेस को हमेशा ही अपने परिवार की चिंता रही है। वह आज भी अपने ही परिवार की चिंता में लगी है।

उन्होंने उत्तराखंड के लोगों से अपील की है कि वह लोकसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलने दें। दुग नाकुरी में सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में बीसी जोशी स्टेडियम किड़ई पचार में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। तुष्टीकरण व देश को बांटने के अलावा उसने कुछ नहीं किया। आज उनके घोषणा पत्र को देखकर लगता है, जैसे वह मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र हो। कहा कि कांग्रेस कश्मीर को भारत का अंग नहीं मानती है। राम मंदिर निर्माण पर सवाल उठाती है तथा सर्जिकल स्टाइक का वीडियो मांगती है। सीएम धामी ने कहा कि देश में आज तेजी से विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि रंगीली नाकुरी अपनी सांस्कृतिक और अपनी वीरता किए जानी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के लिए दो लाख करोड़ के विकास कार्य किए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने धारा 370 हटाने को लेकर कहा है कि राजस्थान या अन्य राज्य से उसका क्या मतलब, जबकि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सरकार ने देश के सैनिकों के हाथों को मजबूत करने का काम किया है। महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। आज कठोर और कठिन फैसले लिए गए हैं। प्रदेश में यूसीसी लागू किया गया है। नकल विरोधी कानून बनाया है। अब मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं को उनका अधिकार मिल रहा है। 100 से अधिक नकल माफिया आज जेल भेजे गए हैं। पिछले 22 सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए एक साल में ही हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। लैंड जेहाद को खत्म करने का काम किया है। अवैध मजारों को हटाने का काम किया है।

दंगारोधी कानून को लाकर दंगा करने वालों को ही अब जेल में भरने का काम किया है कहा कि। 21वीं सदी उत्तराखंड का होगी। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने कहा कि चम्पावत उनकी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा है। वहां के लोगों ने विधानसभा चुनाव में 94 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में किया। इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी 90 प्रतिशत वोट सभी 17 विधानसभा में उन्हें मिलेंगे। यह सीट इस बार इतिहास रचेगी। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने कुमाउनी भाषा में भाषण दिया। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा में 72 नये टावर लग रहे हैं। डबल इंजन सरकार में विकास की गंगा बह रही है।

इससे पहले जिपं अध्यक्ष बसंती देव, राज्य दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, बागेश्वर की विधायक पार्वती दास ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने संचालन राजू राठौर ने किया। इस मौके पर जिला महासचिव संजय परिहार, दुग नाकुरी मंडल अध्यक्ष बहादुर खाती, राजेंद्र परिहार, योगेश हरड़िया, पूरन गड़िया, मनोज साह, कुंदन रैखोला, विक्रम शाही, जगदीश कैड़ा, धन सिंह बाफिला, धन सिंह भौर्याल, दयाल कांडपाल आदि रहे।

# लोकगीतों से मतदान के लिए प्रेरित कर रहे नागेंद्र

▸▸ लोकतंत्र के इस महाउत्सव में सभी से की भागीदारी की अपील

संवाददाता, अल्मोड़ा


हुड़के की थाप पर कुमाऊंनी गीत गाकर लोगों को मतदान के प्रेरित करते नागेंद्र।

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा के मेडिकल कालेज में कार्यरत नागेंद्र प्रसाद जोशी इन दिनों पहाड़ के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ कुमाऊंनी गीतों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए वह सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का भी उपयोग कर रहे हैं।

नागेंद्र प्रसाद जोशी अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में कार्यरत हैं। वह कुमाऊंनी लोकगीत लिखने और गाने का शौक रखते हैं। नागेंद्र इन दिनों ड्यूटी के बाद मिलने वाले वक्त में कुमाऊंनी गीतों से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने ध्यान में धरिया, भाई बैणो वोट दिन जरूर जाया, छोड़ चूल्हा चौकी, झाड़ू-पौछा काम पहले करना है। लोकसभा चुनाव 2024 में वोट डालने जरूर जाना है, उत्तराखंड में उन्नीस तारीख अप्रैल द्वी हजार चौबीस, सब वोट दिन जरूर जाया जन करया मिस, निर्भय निडर हेबेर सब मतदान करया, केक बहकावे में जन आया भल प्रत्याशी चुनिया जैसे गीत लिखकर उन्हें हुड़के की थाप और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ गाया है और वह उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

संवाददाता,टनकपुर/चम्पावत


बुजुर्ग महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने सोमवार को जनपद अंतर्गत 54-विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के दूरस्थ मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने विकासखंड बाराकोट के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शील, बरूड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुनियाल, कज्यूला, मऊ, चामी तथा चौमेल आदि गांवों में जाकर आगामी 19 अप्रैल को मतदान के लिए बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही बूथों पर बुनियादी सुविधाओं फर्नीचर व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था, रैम्प व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से बातचीत कर जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी पांडेय ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान अनेक मतदाताओं से चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव की तारीख की जानकारी दी और लोगों से अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए।

# वन निगम के बाह्य स्त्रोत कर्मियों ने किया प्रदर्शन

▸▸ लेखाकारों को हटाने और नई स्वीकृति न मिलने से भड़के कर्मचारी

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर के डिपो नंबर दो में प्रदर्शन करते वन विकास निगम के आउटसोर्स कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वन विकास निगम में बाह्य स्रोत के माध्यम से लंबे समय से काम कर रहे कार्मिकों ने लेखाकारों को हटाए जाने और काम करने की सालाना नई स्वीकृति न मिलने से आक्रोशित होकर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि नई भर्ती होने पर लंबे समय से निगम में लेखाकार के तौर पर काम कर रहे कर्मचारियों को हटा दिया गया है। और अभी तक सालाना स्वीकृति अन्य कार्मिकों को नहीं मिल पाई है।

सोमवार को पूर्णागिरि मार्ग स्थित वन विकास निगम के डिपो नंबर दो में बाह्य स्रोत के माध्यम से काम कर रहे कार्मिकों ने एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर निगम प्रबंधन और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्मिकों ने आरोप लगाया कि वन विकास निगम में नई भर्ती आने पर पिछले 10 वर्षों से यहां काम कर रहे बाह्य स्त्रोत कई लेखाकारों को हटा दिया गया है। जबकि अन्य कार्मिकों को हर वर्ष काम के लिए अप्रैल में मिलने वाली नई स्वीकृति अभी तक नहीं मिल पाई है जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। कहां गया कि वह पिछले 6 वर्षों से वन विकास निगम में काम कर रहे हैं जबकि पूरे उत्तराखंड में इस समय 719 कार्मिक बाह्य स्रोत के माध्यम से काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि हटाए गए लेखाकारों को निगम में नहीं रखा गया और कार्मिकों के काम के लिए नई स्वीकृति प्रदान नहीं हुई तो वह आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन करने वालों में मनोज सिंह बिष्ट, विपिन कुमार, संजीव राणा, संदीप चन्द,रोहित सिंह, दीपक सिंह बिष्ट,राज सिंह राणा, किशोर हर्बोला, मान्या शर्मा, अनीता चौहान, रिफल खातून, तनुजा बोहरा,अर्जुन कुमार, ललित मेहरा, नीरज जोशी, विक्रम कोरंगा, संजय शुक्ला, रोहित सिंह, सूरज, प्रकाश बिष्ट समेत टनकपुर और खटीमा क्षेत्र के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### सालाना स्वीकृति के लिए हो रहे हैं प्रयास

**टनकपुर :** वन विकास निगम के प्रभागीय विक्रय प्रबंधक,हल्द्वानी उषा पुरी ने उत्तराखंड वन विकास निगम विक्रय प्रभाग हल्द्वानी के समस्त डिपो अधिकारियों को भेजे गए पत्र में साफतौर पर कहा है कि गत वर्षो में भी वन विकास निगम में बाह्य स्रोत एवं मानदेय कर्मचारियों को अप्रैल के अंतिम सप्ताह या मई माह के प्रथम सप्ताह में काम की स्वीकृति प्रदान हुई थी। उन्होंने कहा है कि स्वीकृति के लिए विशेष प्रयास हो रहे हैं।

## चितई और पेटशाल के जंगलों में भड़की आग

**अल्मोड़ा :** जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही अब जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी बढ़ते जा रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित चितई और पेटशाल के जंगलों में भी भयानक आग लग गई।

आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और वह एक से दूसरे जंगल की ओर बढ़ती चली गई। जिस कारण इस पूरे क्षेत्र में धुआं ही धुआं फैल गया और जंगलों से आग की बड़ी बड़ी लपटें दिखाई देने लगी। आनन-फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके की ओर रवाना हो गई। रेंजर मोहन राम आर्या ने बताया कि कुछ अराजक तत्व जंगलों में आग लगा रहे हैं। कहा कि अगर कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाता मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर रोष

संवाददाता, अल्मोड़ा


जिला कार्यालय में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपते अभिभावक।

**अमृत विचार :** नए सत्र में किताबों, ड्रेस और फीस को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है। अभिभावकों ने कहा है कि नएसत्र में जिला मुख्यालय के अनेक स्कूल जहां अभिभावकों और बच्चों पर निर्धारित दुकानों से किताबें और ड्रेस खरीदने का दबाव बना रहे हैं। वहीं मनमानी फीस भी अभिभावकों से वसूल की जा रही है। अभिभावकों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है और कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला के नेतृत्व में अभिभावकों का एक शिष्टमंडल जिला कार्यालय पहुंचा और उन्होंने जिला कार्यालय के कार्मिकों के जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अभिभावकों ने कहा है कि नगरके अधिकांश निजी स्कूलों द्वारा जहां नए सत्र में नए बच्चों से मनमर्जी की फीस वसूली जा रही है। वहीं पुरानी कक्षाओं की फीस भी बेतहाशा बढ़ा दी गई है। ज्ञापन में शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा है कि एक ओर सरकार शिक्षा को सभी का अधिकार होने की बात करती है। वहीं निजी स्कूल गरीब परिवारों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन उन्हें हीनता का अनुभव करा रहे हैं। ज्ञापन में शिष्टमंडल के सदस्यों ने जिलाधिकारी से ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर शीघ्र उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर इस मामले में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में विनय किरौला, विशाल वर्मा, गिरीश चंद्रा, केपी जोशी समेत अनेक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## पीएमश्री विद्यालय हवालबाग में प्रवेश को लेकर उत्साह

**अल्मोड़ा :** राजकीय आदर्श इंटर कालेज हवालबाग के पीएमश्री योजना में शामिल होने के बाद यहां प्रवेश लेने वाले बच्चों में काफी उत्साह है। नए शिक्षा सत्र में पिछले वर्ष के सापेक्ष काफी अधिक छात्र छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं।

प्रधानाचार्य डा. कपिल नयाल ने बताया कि विद्यालय को केंद्र सरकार द्वारा पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है एवं विद्यालय का बजट व कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को भेजी जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएमश्री विद्यालय के लिए चयनित होने से विद्यालय में संसाधनों की कमी को पूरा किया जा सकेगा। साथ ही स्मार्ट क्लासेज का भी संचालन किया जाएगा। कहा कि बच्चों में काफी उत्साह है।

# पुलिस और एसएसटी ने पकड़े 60 हजार रुपये

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस और एसएसटी टीम द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत जिले के सल्ट विकास खंड के मरचूला में टीम ने एक पिकप चालक से साठ हजार रुपये की नगदी बरामद की है। धनराशि के संबंध में पिकप चालक कोई दस्तावेज टीम को उपलब्ध नहीं करा पाया।

जिस कारण इस धनराशि को सीज कर दिया गया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश व निर्वाचन विभाग के निर्देशों पर पुलिस कार्मिकों और एसएसटी टीमों द्वारा जिले के अलग अलग क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मरचूला पुलिस सहायता केंद्र पर उड़नदस्ता टीम द्वारा एक पिकप वाहन की चेकिंग की गई तो उसके चालक के पास से साठ हजार रुपये की नगदी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान नकदी के बारे में पिकप चालक कोई सटीक जानकारी नहीं दे पाया। जिस कारण पुलिस ने इस धनराशि को जब्त कर सीज कर दिया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा है कि चुनावों के दौरान पुलिस कर्मियों को अराजक तत्वों, संदिग्ध व्यक्ति व वस्तुओं समेत साइबर प्लेटफार्म पर भी कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए गए है। कहा कि अगर नियम विरूद्ध धनराशि बिना प्रमाण के कहीं लाई ले जाती पाई गई तो उसे जब्त करने की कार्रवाई टीम द्वारा अमल में लाई जाएगी।

## चुनाव बहिष्कार को जन जागरण जारी

**रानीखेत :** रानीखेत विकास संघर्ष समिति ने छावनी सिविल एरिया को पृथक कर नगर पालिका में विलय करने सहित रानीखेत की अन्य लंबित मांगों का समाधान न होने पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। जिसके तहत दूसरे दिन भी समिति ने नगर में चुनाव बहिष्कार को लेकर जन जागरण अभियान चलाया। सोमवार को रानीखेत विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने नगर में लोकसभा चुनाव बहिष्कार को लेकर जन जागरण किया। समिति के सदस्यों ने नागरिकों से नगर पालिका सहित पर्यटन विकास संबंधी मांगें पूरी न होने का हवाला देते हुए चुनाव बहिष्कार करने की अपील की। जन जागरण अभियान में गिरीश भगत, हरीश अग्रवाल, किरन लाल साह आदि रहे।

**आक्रोश** जल जीवन मिशन योजना का लाभ न मिल पाने से ग्रामीणों में गुस्सा, शासन-प्रशासन नहीं ले रहा सुध

# पेयजल से वंचित गिरचोला के ग्रामीण नहीं करेंगे मतदान

संवाददाता, अल्मोड़ा



**अमृत विचार :** विकास खंड धौलादेवी के गिरचोला के ग्रामीण भी जल जीवन मिशन योजना का लाभ न मिल पाने के कारण इस बार चुनावों में भागीदारी नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वह अपनी मांग को लेकर शासन को पूर्व में चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे चुके थे। लेकिन शासन ने उनकी सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उन्हें पेयजल की सुविधा नहीं मिली तो जल जीवन मिशन के तहत बन रही योजना का कार्य भी रोक देंगे।

गिरचौला के ग्राम प्रधान भवान सिंह, पूर्व प्रधान शिवराज सिंह बनौला व राज्य आंदोलनकारी गोपाल सिंह ने जिला मुख्यालय पर जारी एक बयान में कहा है कि उनके क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत एक पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन गिरचौला गांव के 26 परिवारों को इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीण प्रशासन को पूर्व में दे चुके थे और कार्रवाई ना होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी थी। लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा ना तो ग्रामीणों की इस समस्या को दूर करना मुनासिब समझा और ना ही इस मामले में उनके कोई सुध ली गई। जिस कारण अब ग्रामीणों ने 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करने का मन बना लिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है अगर इसके बाद भी उनकी पेयजल समस्या का निदान नहीं किया गया तो वह जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई जा रही योजना का कार्य भी पूरी तरह से रोक देंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### सल्ट में कम नहीं हुई पेयजल दिक्कत, घेराव की चेतावनी

**अल्मोड़ा :** गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले के सल्ट विकास खंड में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मचनी शुरू हो गई है। इस विकास खंड के अनेक गांवों में पिछले एक पखवाड़े से पानी की एक बूंद नहीं टपकी है तो कई इलाकों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल व्यवस्था दुरुस्त ना होने पर विभागीय अधिकारियों के घेराव की चेतावनी भी दी है। विकास खंड के करीब डेढ़ सौ से अधिक गांवों को पेयजल मुहैया कराने के लिए यहां सालों पूर्व नैकड़ा-पैंसिया और गुलार-करगेत दो पेयजल योजनाओं का निर्माण किया गया था। लेकिन अन योजनाओं के स्रोत सूखने के कारण अब इन योजनाओं से लोगों को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पेयजल की इस समस्या को देखते हुए करीब सात आठ साल पहले यहां करोड़ों रुपये लागत की कोटेश्वर शशीखाल पेयजल योजना को स्वीकृति मिली थी। जिसका निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। लेकिन यह योजना भी अब यहां के लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस योजना में आए दिन कोई ना कोई खराबी आती रहती है। जिसे करने में विभाग को महीनों लग जाते हैं। ग्रामीणों को पेयजल के लिए दूर के नदी- धारों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अब विभाग को शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त ना होने पर अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी है।

## उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की हुई समीक्षा

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक अंकिता पांडे ने आज कलक्ट्रेट में बैठक कर चुनाव प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टरों की समीक्षा की।

उन्होंने व्यय निगरानी टीमों के प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टरों की निगरानी नियत तिथियों के आधार पर की जाएगी। उन्होंने इसके लिए इसकी पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए तथा कहा कि निरीक्षण हेतु सभी प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए कहा जाए। व्यय प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्याशियों द्वारा खर्च किए जा रहे सभी व्यय को उनके खातों में रेट कार्ड के अनुरूप बुक किया जाए।

# बनबसा में स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता, बनबसा


स्मैक के साथ आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी ने दो अलग अलग मामलों में चेकिंग के दौरान 8.86 ग्राम स्मैक के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए तीनों लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कैनाल मेला क्षेत्र में स्मैक बेचने के प्रयास में शारदा बैराज चौकी पर प्रभारी ललित पांडेय के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान आरोपी ओमप्रकाश पुत्र राम लखन के पास 2.16 ग्राम स्मेक तथा मनझे कुमार पुत्र रामनरेश निवासी मनकापुर गोंडा के पास से 2.10 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी ललित पांडेय, हेड कांस्टेबल संजय शर्मा, पूरन आर्य विनोद यादव शामिल थे। वहीं दूसरी ओर एसआई जितेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस ओर एसओजी टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान आरोपी समीम पुत्र सलीम निवासी टनकपुर को 4.60 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

षडेव तु गुणा: पुंसा न हातव्या: कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति: ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

## संपादकीय

# मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी)की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकि सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

# कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

## प्रसंगवश

# व्यवस्था और व्यक्ति

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी -मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

# राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

राजनीति के लिए पक्ष–विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।

अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती ।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

## सोशल फोरम

# पर्यटक नहीं वरन एक बोझ

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणूं निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब में छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

# विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।


प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा।

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

# जकात, ज़िगर और जेब

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफरात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।

# स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं होने से भड़के ग्रामीण, मतदान न करने का ऐलान

## भैंसियाछाना के पतलचौरा के मरीज को डोली से अस्पताल लाए ग्रामीण, नहीं मिले डॉक्टर

**▸▸ मजबूरी में बारह किमी दूर भैंसियाछाना में कराया भर्ती**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों के इस सियायी दंगल में जहां सियासत पाने के लिए राजनीतिक दल मतदाताओं को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे क्यों ना कर रहे हों। लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी अल्मोड़ा लोकसभा के अनेक गांवों में रहने वाले लोगों बेबसी सियासतदारों के इन झूठों वायदों की पोल भी खोल रही है। ऐसा ही एक वाकया विकास खंड में भैंसियाछाना में सामने आया।

जहां सड़क न होने के कारण ग्रामीण एक गंभीर रोगी को कई किलोमीटर पैदल चल डोली पर रखकर अस्पताल पहुंचे। लेकिन अस्तपाल में चिकित्सक ही तैनात नहीं थे। मजबूरी में ग्रामीणों की बेबसी ने उन्हें बारह किमी दूर जाकर रोगी को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने पर मजबूर कर दिया। जिले के भैंसियाछाना विकास खंड के दूरस्थ गांव पतलचौरा निवासी 70 वर्षीय तिलक राम की तबीयत रविवार की रात करीब डेढ़ बजे के आसपास काफी बिगड़ गई। लगातार हो रही उल्टी के रोगी की हालत बिगड़ती चली गई तो तड़के गांव के लोगों ने उन्हें अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। गांव में सड़क न होने के कारण रोगी को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए डोली की व्यवस्था की गई और ग्रामीण रोगी को डोली पर बैठाकर कनारीछीना अस्पताल की ओर निकल पड़े। कई घंटें रपटीले रास्तों पर चलने के बाद जैसे तैसे सुबह ग्रामीण कनारीछीना अस्पताल पहुंचे लेकिन यहां उन्हें चिकित्सक नसीब नहीं हुए। रोगी की हालत खराब होते देख ग्रामीणों ने उसे प्राथमिक चिकित्सालय सेराघाट ले जाने का निर्णय लिया। जो वहां से करीब बारह किमी दूर था। जैसे तैसे ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और रोगी को प्राथमिक उपचार दिया जा सका। सामाजिक कार्यकर्ता व रीठागाड़ी दगड़ियों संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह नेगी ने बताया कि विकास खंड का पतलचौरा अनुसूचित बाहुल्य गांव है। लेकिन यहां आज तक सड़क नहीं जा पाई है। ऐसा ही हाल आसपास के रिम, चिमचुआ व पीपलखेत गांवों का भी है। सड़क न होने के कारण इन गांवों के लोग रोगियों और गर्भवती महिलाओं को डोली में बैठाकर अस्पताल ले जाते हैं।


भैंसियाछाना ब्लॉक में रोगी को डोली से अस्पताल ले जाते पतलचौरा गांव के लोग।

स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर कनारीछीना में एक अस्पताल खोला गया है। लेकिन स्वीकृति के बाद भी आज तक उसका भवन नहीं बन पाया है। किराए के भवन में चल रहे अस्पताल का किराया न मिलने के कारण कुछ महीनों पहले अस्पताल के भवन स्वामी ने एक बार अस्पताल पर ताला भी जड़ दिया था। इस अस्पताल में कोई चिकित्सक भी तैनात नहीं है। नेगी ने बताया कि यही कारण है कि इस बार इन गांवों के लोगों ने चुनाव में भागीदारी न करने का संकल्प लेते हुए चुनाव बहिष्कार का ऐलान भी किया है।

### मनोरा रेंज में अराजक तत्वों ने लगाई आग

**नैनीताल :** गर्मी के चलते अब नैनीताल के समीपवर्ती जंलगों में आग लगने लगी है। रविवार शाम को देवीधुरा के समीप जंगल में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग धीरे धीरे जंगल में फैल गई। इससे पहले कि लोग आग को बुझा पाते तेज हवा के चलते आग तेजी से जंगल में फैल गई और एक घंटे में जंगल जल गया। जब आग सिलमोड़िया गांव के करीब पहुंची तो ग्रामीणों ने काबू पाने की कोशिश की। वन विभाग की टीम ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देर रात तक जंगल धधकते रहे। वहीं वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। जल्द ही आग लगाने वालों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में 95 यूनिट रक्त एकत्रित

**हल्द्वानी :** ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए भारत विकास परिषद की शहर शाखा ने सोमवार को आम्रपाली यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर लगाया। परिषद के शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज व सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल ने बताया कि शिविर में करीब 95 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर सुशीला तिवारी अस्पताल की डॉ. सलोनी, टेक्नीशियन सुषमा और प्रियंका के सहयोग से संपन्न हुआ। इस मौके पर आम्रपाली यूनिवर्सिटी के सीईओ संजय धींगरा, भगवान सहाय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गीतू केसरवानी, मयंक मित्तल, मिताली मित्तल, पंकज अग्रवाल रहे।

# चुनाव में उपयोगी साबित हो रहे सुविधा पोर्टल व सी विजिल एप

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाने में सुविधा पोर्टल और सी विजिल एप काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। यहां प्रेस ब्रीफिंग में जोगदंडे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्रचार, हेलीकॉप्टर व वाहनों की अनुमति के साथ ही पोस्टर, बैनर व अन्य अनुमतियां उपलब्ध कराई जाती हैं। इन अनुमतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। राज्य में सुविधा पोर्टल से अभी तक 2121 अनुमतियों के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। इनमें से 1721 अनुमतियां प्रदान की जा चुकी हैं। 360 अनुमतियां दस्तावेज पूर्ण न होने अथवा निर्धारित प्रारूप पर न होने के कारण निरस्त की गई हैं। शेष अनुमतियों पर कार्यवाही गतिमान हैं। शीघ्रता से उनका निस्तारण किया जा रहा है। देहरादून जिले में सर्वाधिक 306 अनुमतियां, हरिद्वार में 299 और उधमसिंह नगर में 288 अनुमतियां दी जा चुकी हैं। 17 अप्रैल 2024 तक विभिन्न अनुमतियां ली जा सकती हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल एप में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। उत्तराखण्ड देश के शीर्ष तीन राज्यों में अपनी कारवाई प्रदर्शित कर रहा है।

अभी तक सी विजिल एप पर 17 हजार 377 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। उसमें से 16 हजार 800 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 554 शिकायतें निराधार पायी गईं। सर्वाधिक शिकायतें पौड़ी जनपद में 3 हजार 737, टिहरी जनपद में 3 हजार 254 और हरिद्वार जनपद में 2 हजार 600 प्राप्त हुई हैं। सबसे कम शिकायतें अल्मोड़ा जनपद में 162, बागेश्वर में 184 और उत्तरकाशी में 512 प्राप्त हुई हैं। अवैध पोस्टर की सबसे अधिक 10 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सर्विस वोटर के लिए 93 हजार 187 इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) जारी किए गए थे।

# प्रदीप की सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि

**▸▸ पिसैनिक का शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम**

संवाददाता,चम्पावत/लोहाघाट

**अमृत विचार :** खेतीखान तपनीपाल निवासी सैनिक प्रदीप बोहरा का नम नेत्रों के साथ गुप्तेश्वर श्मशान घाट में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। पिथौरागढ़ से आई सेना की टुकड़ी ने जवान प्रदीप बोहरा को सलामी दी। सैनिक के चाचा केशव बोहरा ने चिता को मुखाग्नि दी। सैनिक का पार्थिव शरीर उसके घर पहुंचते ही यहां मातम पसर गया।


पिथौरागढ़ से आई सेना की टुकड़ी में जवान को दी सलामी। ● अमृत विचार

आर्टलरी रेजीमेंट बाड़मेर राजस्थान में तैनात खेतीखान तपनीपाल के सैनिक प्रदीप बोहरा की शुक्रवार को राजस्थान से घर आते वक्त चुरू में चलती ट्रेन से पांव फिसलने के कारण मौत हो गई थी। सोमवार सुबह करीब दस बजे तिरंगे से लिपटा प्रदीप का पार्थिव शरीर तपनीपाल पहुंचा। जहां परिजन प्रदीप के शव से लिपट गए। पूरा क्षेत्र शोक की लहर में डूब गया। प्रदीप के निधन के बाद पिता प्रताप सिंह, मां आनंदी देवी, पत्नी मीना देवी, पुत्र दीपांशु व गोलू और भाई अभिषेक सुधबुध खोए हुए हैं। अंतिम संस्कार में विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, सतीश पांडे, ग्राम प्रधान भरत बोहरा, बबलू देऊ सहित बड़ी सख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। शोक में आधे दिन के लिए खेतीखान का बाजार भी बंद रहा। क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धांजलि सभा कर फौजी प्रदीप बोहरा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# एमडी आशीष और चालक इदरीस को सुनाई उम्रकैद

**▸▸ 6 सितंबर 2015 को हुई थी बनबसा के धस्माना अस्पताल के दो कर्मियों की हत्या**

**▸▸ अदालत ने 30 मार्च को आरोपी आशीष धस्माना और ड्राइवर इदरीश को दोषी ठहराया था**

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के बनबसा के करीब साढ़े नौ साल पूर्व हुए डबल मर्डर केस के दोनों आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने 30 मार्च को दोनों को दोषी ठहराया था। 8 अप्रैल सोमवार को अदालत की ओर से सजा सुनाई गई। जिला जज कहकशा खान ने दोनों दोषियों बनबसा के धस्मान अस्पताल के प्रबंध निदेशक आशीष धस्माना और उसके ड्राइवर इदरीश अहमद को सश्रम आजीवन कारावास सुनाया है।

इसके अलावा दोनों पर अलग-अलग अर्थदंड भी लगाया है। धस्माना पर सात लाख रुपये और इदरीश पर 1.75 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। बनबसा के धस्मान अस्पताल के दो कर्मियों बरेली निवासी विजय गंगवार और निशा शर्मा की छह सितंबर 2014 को नृशंस तरीके से हत्या की गई थी। दोनों कर्मियों के सिर और हाथ-पांव कटी लाश नानकमत्ता के नानकसागर से बरामद हुई थी। आरोप पत्र दाखिल करने के बाद दोनों पक्षों की सुनवाई और गवाहों के बयान के बाद अदालत ने आरोपियों को दोषी करार दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता विद्याधर जोशी ने बताया कि अदालत ने आशीष धस्माना को आईपीसी की धारा 302 व 34 के तहत सश्रम आजीवन कारावास और छह लाख रुपये का अर्थदंड और आईपीसी की धारा 201 व 120 बी में सात साल की सजा तथा एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। जबकि ड्राइवर इदरीश अहमद को आईपीसी की धारा 302 व 34 के तहत सश्रम आजीवन कारावास और 1.50 लाख रुपये और आईपीसी की धारा 201 व 120 बी में सात साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। दोनों कसूरवार पहले से ही अल्मोड़ा जेल में बंद हैं।

# टिप्पर से भिडंत में कार चालक समेत 4 यात्री घायल, दो गंभीर

**▸▸ गंभीर रूप से घायल कार चालक और एक यात्री हायर सेंटर रेफर**

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस्टिया के पास टैक्सी और डंपर में सीधी भिड़ंत हुई। हादसे में टैक्सी चालक समेत चार लोग घायल हो गए। टैक्सी चालक और एक यात्री को टनकपुर में प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

दिल्ली से पिथौरागढ़ जा रही टैक्सी (यूके 05 टीए 7773) और एक टिप्पर के बीच सोमवार शाम एनएच पर टनकपुर से नौ किलोमीटर दूर बस्टिया के पास टक्कर लग गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही टनकपुर से फायर ब्रिगेड के सहायक उप निरीक्षक भुवन गहतोड़ी, हेड कांस्टेबल सुनील जोशी, कैलाश चंद्र और नौशाद ने दुर्घटनास्थल पहुंच बचाव कार्य किया। सभी चारों घायलों को तुरंत टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया।


टनकपुर पिथौरागढ़ हाईवे में क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

पिथौरागढ़ से दिल्ली लक्ष्मीनगर जा रहे तीन यात्री मयंक जोशी (37), उनकी पत्नी पूजा जोशी (33), बेटा दक्षित (6) के अलावा चालक दिल्ली निवासी हरिओम घायल हो गए। टनकपुर में इलाज के बाद अधिक चोटिल दो लोगों पूजा जोशी और चालक हरिओम को हायर सेंटर रेफर किया गया है। जबकि दो यात्रियों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। टक्कर से कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ बताया गया है।


चम्पावत में पोलिंग पार्टियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

## होम वोटिंग के लिए 34 पोलिंग पार्टियां रवाना

**टनकपुर/ चम्पावत :** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने घर घर जाने वाली पोलिंग पार्टियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोनों विधानसभा में घर में वोटिंग के लिए मतदाताओं ने आवेदन किया था। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत घर घर मतदान के लिए सोमवार को जनपद से कुल 34 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। जनपद चम्पावत की दोनों विधानसभा में 56 दिव्यांग और 243 बुजुर्ग सहित कुल 299 मतदाता थे। 54 लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में 211 बुजुर्ग (85 प्लस) मतदाताओं में से 100 मतदाताओं के घर तथा 17 दिव्यांग मतदाताओं में से 11 मतदाताओं के घर पोलिंग पार्टियां गई, जिसमे से 93 बुजुर्ग तथा 11 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 55 चम्पावत विधानसभा क्षेत्र में 32 बुजुर्ग (85 प्लस) मतदाताओं में से 31 तथा 39 दिव्यांग मतदाताओं में से 39 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। होम वोटिंग के लिए लोहाघाट विधानसभा में 26, तथा चम्पावत विधानसभा के लिए 8 समेत कुल 34 पोलिंग पार्टियां घर-घर भेजी गई है। किसी कारण से जो मतदाता मतदान से छूट गए है उन्हें 9 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। घर- घर मतदान प्रक्रिया के दौरान गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया, मतदान की गोपनीयता बनाई रखी और वीडियोग्राफी करवाई गई।

## वर्ग पहेली-34

**बाएं से दाएं**

2.1. प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2. इच्छा, कामना 3. अभिप्राय 4. याद, स्मृति।

3.1. पैर रखने की छोटी चौकी 2. तकिया।

5. पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।

6.1. गड़गड़ाहट 2. गर्जना 3. धुंधलापन 4. अंधेरा।

9.1. गोंद 2. लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3. लोपन 4. किसी को फंसाने का साधन।

11. अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1.1. बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2. लगातार, बेतहाशा

4.1. प्रवाही, बहने वाला 2. वहन करने वाला, ढोने वाला।

5.1. (पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2. महाशतावरी नामक औषधि 3. सौंफ 4. (संगीत) एक रागिनी

5. एक नदी।

7. काला होने का भाव।

8. एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है

10. सिलवट; सिकुड़न।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | ■ | 2 | | ■ |
| 3 | | | | ■ | ■ | 4 |
| ■ | ■ | | ■ | 5 | | |
| ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| 8 | ■ | ■ | 9 | | ■ | 10 |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | | | | | ■ |

### वर्ग पहेली -33 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 झी | ■ | 2 दे | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 ख | ट | ख | टि | या | ■ |
| ■ | ना | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 4 आ | प | चा | री | ■ |
| ■ | 5 खो | ड़ | र | ■ | ■ | 6 मौ |
| ■ | कं | ■ | ख | ■ | ■ | स |
| 7 ह | द | ■ | 8 ना | म | धा | म |

## सुडोकू-113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | | | 4 | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

### सुडोकू -112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20 .30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष :** आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष :** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।

**मिथुन :** आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।

**कर्क :** आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या :** आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**तुला :** आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु :** आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मकर :** आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर ख़रीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मीन :** आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07 .32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05 .06 तक।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10 .44
- प्रेम दीवाने — शाम : 05 .41

&pictures
- सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .56
- रुस्तम — रात : 08 .00

Sony Pix
- द मास्क — सुबह : 11 .45
- रश आर 3 — रात : 09 .00

Zee Cinema
- प्यासा सावन — सुबह : 11 .40
- हीरोपंती 2 — रात : 09 .05

StarGold Select
- लाल रंग — सुबह : 09 .30
- बधाई हो — रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 09 .05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

# धर्म दर्शन

## शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र



संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय: मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय: वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।



**प्रो. विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।

नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!

यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

## नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव-सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत-उपवास के साथ दैवी-शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र-व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना-उपासना-यज्ञ-अनुष्ठान-दान-तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा-शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई-कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र-तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन-संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु-योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता-जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय: रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं।



**सलिल पांडेय**
मिर्जापुर

शरीर की भोजन-नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल-बीज-खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी-जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा-तत्व हैं। इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन-शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

## मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र-नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरूषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्ररामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची-बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर( सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ-साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार-प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति' की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय: सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा-सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, सावित्री-सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति-उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।



## ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

# उत्तर प्रदेश

## विशेषज्ञ बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग छोड़ नहीं सकेंगे डॉक्टर

संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ पीजी के लिए भेजने से पहले जमा कराए जा रहे मैट्रिक से एमबीबीएस के मूल दस्तावेज**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टर अगर चिकित्सक विशेषज्ञ (पीजी) बनने के बाद विभाग में नहीं लौटे तो उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीजी के लिए भेजने से पहले विभाग डॉक्टरों के मैट्रिक से एमबीबीएस तक के मूल दस्तावेज जमा करा ले रहा है। वह किस मेडिकल कॉलेज से और किस विषय में कब तक पीजी कर रहे हैं, इसका ब्योरा भी पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। पीजी कोर्स पूरा होते ही स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिल जाएगी।

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने साल 2014-15 में विभाग के एमबीबीएस चिकित्सकों को पीजी कराने की योजना लागू की थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में एक साल सेवाएं देने वाले डॉक्टर को 10 प्रतिशत, दो साल वालों को 20 प्रतिशत और तीन साल सेवाएं देने वालों को अधिकतम 30 प्रतिशत अंक की सुविधा प्रदान की गई थी।

नीट पीजी उत्तीर्ण करने वाले विभाग के दर्जनों डॉक्टर अंकों के आरक्षण का लाभ लेकर पीजी करने जा रहें हैं। किंतु पीजी (विशेषज्ञ बनने के बाद) करने के बाद इक्का-दुक्का डॉक्टर ही विभाग की सेवा में लौटते हैं। एक करोड़ जुर्माना या 10 साल सेवा का बांड भरने के बाद भी ज्यादातर चिकित्सक उच्च निजी संस्थान या विदेश में कॅरियर शुरू कर देते हैं।

दरअसल स्वास्थ्य विभाग के पास पीजी करने गए डॉक्टरों की उपलब्धता का कोई रिकार्ड ही नहीं है। इससे कितने डॉक्टर पीजी करने गये और पीजी के बाद कितने बतौर विशेषज्ञ विभाग में लौटे इसकी जानकारी नहीं हो पाती थी। वर्ष 2020 के बाद पीजी करने जाने वाले डॉक्टरों का लेखाजोखा रखना शुरू कर दिया गया है। अब विभाग के पास ये आंकड़ा है कि किस वर्ष कितने एमबीबीएस डॉक्टर पीजी करने गए। विभागीय अधिकारी ने बताया कि 2021 में 85 डॉक्टर, 2022-23 में 70 और 2023-24 में 80 एमबीबीएस डॉक्टर पीजी करने गये हैं।

## बैंक खाते से 4.10 लाख रुपये उड़ाए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बैंक खाते से रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रकरण कटघर थाना क्षेत्र का है। मामले में पीड़ित ने थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी है। विपिन पाल ने बताया कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य हैं। बताया कि उनका बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोहिनूर तिराहा में है। उनके खाते से 11 मार्च को पहले एक रुपया और फिर 2 लाख रुपये कट गया। यही नहीं, इसके बाद फिर आरटीजीएस के माध्यम से दो लाख रुपये खाते से कट गए। अगले दिन 12 मार्च को 10,000 हजार रुपये एटीएम से निकल गए। इस तरह कुल 4.10 लाख रुपये उनके बैंक खाते से चोरी हो गए हैं। विपिन ने बताया कि जो रुपये एटीएम से निकले हैं। वह एटीएम बूथ झांसी में है।

## छेड़छाड़ से तंग आकर छोड़ा स्कूल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ युवक से भयभीत होकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद से पढ़ाई छोड़ घर बैठ गई किशोरी**

**अमृत विचार :** छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। इस मामले में उसने एक बार पहले भी एसएसपी से गुहार लगाई थी। कार्रवाई न होने पर पीड़िता सोमवार को फिर एसएसपी कार्यालय पहुंची थी।

पीड़िता ने बताया कि वह कक्षा-9 की छात्रा है। वह कटघर थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। उसने बताया कि स्कूल आते-जाते उसके गांव का युवक उसका रास्ता रोकता है और छेड़छाड़ करता है। किशोरी ने पिता से शिकायत की तो आरोपी ने उसके पिता से भी गाली-गलौज कर मारपीट करने की कोशिश की थी। आरोपी शादीशुदा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी करीब ढाई साल पहले एक महिला को बहला-फुसला कर ले आया था, उसकी गोद में लड़का था। अब उसके एक और बेटी हुई है। इसके बाद भी वह छात्रा को अपनी हरकतों से स्कूल छोड़ कर घर बैठने पर मजबूर कर दिया है। छात्रा ने बताया कि आरोपी की हरकतों के कारण ही वह कक्षा-नौ की वार्षिक परीक्षा भी नहीं दे पाई। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद वह स्कूल नहीं गई।

उसका स्कूल घर से करीब दो किमी दूर पंडित नगला पुलिस चौकी क्षेत्र में पड़ता है। पीड़िता ने बताया कि वह सात भाई-बहनों में सबसे छोटी है। दो बड़ी बहनें हैं और इसके बाद उसके चार बड़े भाई हैं लेकिन, आरोपी न उसके माता-पिता का दबाव मानता है और न ही भाइयों का, वह इन सबको धमकाता है। छात्रा ने बताया कि आरोपी उसकी मां से भी गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे चुका है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता गरीब हैं।

स्कूल की फीस तक समय से अदा नहीं कर पाते हैं। उसकी मां बकरी पालती हैं और उनको बेचकर किसी तरह से स्कूल की फीस भरती थीं। गरीबी के कारण ही छात्रा अपने घर से स्कूल पैदल आती-जाती थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की गलत हरकतों के कारण ही आज वह पूरे गांव से मुंह छिपाने को विवश हो गई है। हालांकि इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने कटघर थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। एसएसपी कार्यालय से प्रार्थना पत्र मिलते ही कार्रवाई करेंगे।

## कार ने स्कूटी सवार दो मौसेरे भाइयों को रौंदा, मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** नजीबाबाद रोड पर रविवार रात कार चालक ने स्कूटी सवार दो मौसेरे भाइयों को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई।

बताया गया कि बिजनौर शहर के मोहल्ला बुखारा का रहने वाला परविंदर (20) उर्फ लक्की नगर पालिका में कर्मचारी था। रविवार रात वह अपने मौसेरे भाई वीर्यान्शु (14) पुत्र अरविंद निवासी सहानपुर के साथ नजीबाबाद से बिजनौर लौट रहा था। जैसे ही इनकी स्कूटी स्वहेड़ी के पास पहुंची तो कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परविंदर अपने चाचा को बिजनौर से नजीबाबाद छोड़ने गया था। वहां से लौटते समय परविंदर वीर्यान्शु को साथ लेकर आ रहा था।

## कांग्रेस और सपा की होंगी संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ सभी 80 लोकसभा सीटों के चुनाव में चरणवार प्रचार की बनी योजना**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में पहले चरण के लिए मतदान को लगभग दो सप्ताह ही शेष है, जबकि भाजपा के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रचार में फिसड्डी हैं। हालांकि विपक्षी दोनों दलों के बड़े नेताओं ने आपस में मुलाकात कर अब प्रचार की कार्ययोजना बना ली है। रोडमैप के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त रैलियां और रोड शो होंगे। कांग्रेस नेताओं ने अखिलेश यादव से अपने प्रत्याशी के पक्ष में रैली-रोड शो करने का भी प्रस्ताव रखा है। इन रैलियों में राहुल, अखिलेश, प्रियंका, मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे बड़े नेताओं की संयुक्त रैलियां होंगी।

कांग्रेस ने सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, मथुरा और गाजियाबाद में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का कार्यक्रम भी मांगा है। जल्द ही सपा मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कार्यक्रमों की तारीख तय करेंगे। इंडिया गठबंधन की चुनावी रणनीति को लेकर सोमवार को उप्र. के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की है। बैठक में चुनावी रणनीति के साथ-साथ सभी संगठन एक-दूसरे के लिए मजबूती के साथ खड़े हों, इसको लेकर चर्चा हुई है।

बैठक में आने वाले दिनों में संयुक्त रैलियों और बैठकों को लेकर भी बातचीत हुई है। उप्र. प्रभावी ढंग से किस तरह चुनाव लड़ाना है, इस पर भी दोनों दलों के बीच मंथन किया गया। सपा मुख्यालय में हुई बैठक में सपा मुखिया अखिलेश यादव, राजेंद्र चौधरी, उदयवीर सिंह, उप्र. कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और कांग्रेस प्रदेश अजय राय मौजूद रहे।

## राहुल ने पीएफआई की मदद लीः ईरानी

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचारः** सांसद स्मृति ईरानी ने सोमवार को पूर्व सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड में राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए पीएफआई का समर्थन लिया है। जो हिंदुओं को मारने के लिए लिस्ट बनाता है। ऐसे संगठन की मदद से राहुल गांधी चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं।

स्मृति ईरानी सोमवार को सलोन विधानसभा क्षेत्र के पारी और राग्घूपुर स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में कार्यकर्ताओं संग बैठक करने पहुंची। उन्होंने कहा कि सलोन ब्लॉक के 44 गांवों में पक्की सड़कें, लगभग ग्यारह हजार गांवो में इंटर लॉकिंग, 14 हजार परिवार को विद्युत कनेक्शन, साढ़े 6 हजार परिवार को पक्का मकान, 33 हजार 690 किसानों को किसान सम्मान निधि समेत अन्य सुविधाएं भाजपा की सरकार बनने के बाद मिली है। 68 हजार लोगों को आयुष्मान योजना में निशुल्क उपचार और मोदी सरकार की लखपति दीदी योजना से सलोन क्षेत्र का उत्थान हुआ है। जबकि कांग्रेस सांसद ने यहां 15 साल तक क्या किया।

## राज्य कर से मिला 1.10 लाख करोड़ रुपये राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस ने दी जानकारी, कहा चुनौतीपूर्ण था लक्ष्य**

**अमृत विचार :** यूपी सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में सबसे बड़ा योगदान राज्य कर विभाग का है। वित्तीय वर्ष के समापन के यह आकड़ा सामने आया। कुल 1,10,345.96 करोड़ की राजस्व प्राप्ति अकेले राज्य कर विभाग से हुई है। राजस्व की इस राशि में जीएसटी से 75,157.85 करोड़, जीएसटी प्रतिपूर्ति से 4070.32 करोड़ वैट से 31,113.97 करोड़ की प्राप्त राशि निहित है।

राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि गत वर्ष जीएसटी प्रतिपूर्ति के मद में उत्तर प्रदेश राज्य को 11,290.98 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। वर्ष 2023-24 में इस मद में पूर्व की अवशेष देयता के रूप में 4070.32 करोड़ की ही राशि प्राप्त हुई है, इस प्रकार राज्य पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 7220.66 करोड़ की राशि कम प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा अनसेटल्ड आईजीएसटी का राज्यों के मध्य वितरण एक पूर्व निश्चित अनुपात में किया जाता रहा है, विगत वर्ष में उत्तर प्रदेश राज्य को इस मद में 2,172.19 करोड़ प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष इस वर्ष में प्राप्त धनराशि शून्य रही है । इस प्रकार पूर्व में राज्य को नियमित रूप से प्राप्त हो रही राशि में से कुल रु0 9392.85 करोड़ (7220.66 2172.19 करोड़) की राशि विभाग को नहीं प्राप्त हुई, जिसकी भरपाई विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में की जानी थी। इसी प्रकार वैट राजस्व में गत वर्ष उच्च न्यायालय के निर्णय के उपरांत पूर्ववर्ती प्रवेश कर की पीएलए में जमा धनराशि 2455.05 करोड़ वैट खाते में स्थानांतरित कराई गई थी, जो नियमित संग्रह का भाग नहीं थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए नियमित वैट संग्रह वास्तव में 29,531.30 करोड़ था।

## 323.33 लाख की ड्रग शराब व नगदी जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता के तहत हो रही कार्रवाई के तहत 323.33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते दिन 323.33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 77,37,344 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 46,74,954 व निजी स्थानों से 30,62,390 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,00,283, पोस्टर के 21,94,185, बैनर के 13,39,062 व अन्य 6,41,424 मामलों में कार्रवाई की गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1087 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2006 मामलों में कार्रवाई की गई।

## शिकायत करने के बाद मिली पेंशन

**लखनऊ, अमृत विचार :** झांसी में वृद्धावस्था पेंशन के लाभ से वंचित पात्र बुजुर्गों को शिकायत के बाद योजना का लाभ मिल सका। दो सौ में से 116 को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। झांसी के आठ गांव के दो सौ बुजुर्गों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा था। पेंशन न मिलने का मामला झांसी के स्थानीय विधायक के संज्ञान में आया। विधायक ने पूरे मामले की जानकारी समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को दी। मंत्री की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तत्काल योजना का लाभ पात्रों को दिया जाए। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने झांसी के जिला समाज कल्याण अधिकारी को बुजुर्गों के प्रपत्र पूरे कराकर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कुछ बुजुर्गों के बैंक खाते से आधार लिंक नहीं था। जबकि कुछ ने केवाईसी अपडेट नहीं करा रखी थी। प्रपत्र पूरे कराकर 116 को लाभान्वित किया गया। बताया कि शेष को योजना का लाभ देने के लिए प्रक्रिया चल रही है।

## भ्रष्टाचारियों को खुद पालती है भाजपा और आरोप विपक्षी दलों पर लगाती हैः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।



# दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।

**बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार**

**मनोज त्रिपाठी**

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंधन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।



मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच माना जाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।




### मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

### 2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट



1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

| 18,16,284 | 9,68,265 | 8,47,875 | 144 |
|---|---|---|---|
| लोस. सीट पर कुल मतदाता | पुरुष मतदाताओं की संख्या | महिला मतदाताओं की संख्या | थर्ड जेंडर के मतदाता |

## मुजफ्फर नगर लोकसभा सीट



डॉ. संजीव बालियान- भाजपा | हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार | दारा सिंह प्रजापति - बसपा

### कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

### भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल मुजफ्फरनगर विधान सभा सीट पर जीत मिली थी। रालेद और सपा ने 2-2 सीटें जीत ली थीं।

# हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

**शिमला**

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ठ भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।



### कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।




### नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...



त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

# मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

# दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

**कांग्रेस-आप का साथ**

**महेश शर्मा**




**केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

## हल्द्वानी मंडी

| | |
|---|---|
| चावल :- शरबती | 60-68 |
| मसूरी | 42-57 |
| बासमती | 104 |
| **दाल दलहन-** | |
| काला चना | 73 |
| साबुत चना दाल | 74 |
| मूंग साबुत | 120 |
| राजमा | 110-135 |
| दाल उड़द | 107 |
| साबुत मसूर दाल | 75 |
| मसूर दाल | 82-86 |
| उड़द साबुत | 125 |
| काबुली चना | 125 |
| अरहर दाल | 135-160 |
| लोबिया/करमानी | 110 |
| सोयाबीन | 52 |
| मूंगफली | 75 |
| मटर ( सूखी | 62 |
| मक्का | 17 |

(दाम प्रति किग्रा. में)

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900, रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 54300-54500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,650 |
| सोना रवा | 71,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 80,300 |
| चांदी (999) | 80,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 800 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,350 |
| चांदी आभूषण | 80,000 |

# 350 रुपये की उछाल के साथ रिकॉर्ड स्तर पर चमका सोना

## 2024 में अबतक सोने की कीमत 71 हजार के पार हुई, 7,700 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

### चांदी की कीमत में भी 800 रुपये की उछाल



सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई।

## बीएसई, एनएसई 20 मई को रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुंबई में 20 मई को होने वाले आम चुनाव के दिन कोई कारोबार नहीं होगा।

दोनों प्रमुख शेयर बाजारों ने उस दिन कारोबारी अवकाश की घोषणा की है। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को कहा कि इक्विटी, शेयर वायदा एवं विकल्प तथा एसएलबी यानी प्रतिभूति उधार देने या लेने वाले खंड में कारोबार नहीं होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा कि मुंबई में 20 मई सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई 20 मई को बंद रहेंगे। इसके अलावा, शेयर बाजार ईद-उल-फितर (ईद) और राम नवमी के अवसर पर क्रमशः 11 अप्रैल और 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। इसके साथ एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर कारोबारी अवकाश रहेगा।

# वित्तीय वर्ष में मोटर वाहन की बिक्री में 10 % की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री के दम पर मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की वृद्धि देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3.43 लाख इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई।

# इस हफ्ते महंगाई, कंपनियों की आय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, एजेंसी



शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने के आसार हैं। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के नतीजे, अमेरिका और भारत में रिटेल महंगाई के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक का ब्योरा बाजार की दिशा तय करेंगे।

अप्रैल के पहले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सेंसेक्स निफ्टी अंततः बढ़त पर बंद होने में कामयाब रहे। बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने 22,619 का ऑलटाइम हाई बनाया और सप्ताह के आखिर में करीब एक फीसदी तेजी के साथ 22,500 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स भी 597 अंक चढ़कर 74,248 के स्तर पर पहुंच गया।

## ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स का चौथी तिमाही में चार गुना मुनाफा

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 41.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 9.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय पिछले साल की समान तिमाही के 439.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 514 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 47.01 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42.35 करोड़ रुपये था। कुल आय 1,404.66 करोड़ रुपये से घटकर 1,300.50 करोड़ रुपये हो गई। इस बीच, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आठ अप्रैल, 2024 को हुई बैठक में सभी मौजूदा शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 20 पैसे का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# अपनी ईवी में भारतीय बैटरी का उपयोग करेंगी हुंडई और किआ

- भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से हुआ समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। हुंडई मोटर समूह ने कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंडई मोटर और किआ के अध्यक्ष एवं प्रमुख ह्युई वोन यांग ने कहा कि सरकार के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों के कारण भारत वाहन विद्युतीकरण के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो स्थानीयकृत बैटरी उत्पादन के जरिए लागत प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करना महत्वपूर्ण बनाता है। बता दें, हुंडई मोटर इंडिया अपना हाई-वॉल्यूम ईवी मॉडल पेश की घोषणा पहले ही हो चुकी है।






## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान भागे आठ अपराधी भगोड़ा घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर पाकिस्तान भागे आठ अपराधियों को भगोड़ा घोषित किया है। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बारामूला की अदालत ने गत 01 अप्रैल को आठ लोगों को भगोड़ा घोषित किया। बारामूला के थाना पट्टन की पुलिस ने इन लोगों के मामला दर्ज किया है। इनमें खोरे शेरबाद पट्टन के निवासी हिलाल अहमद गनी, मुदासिर शफी गिलानी, मोहम्मद मकबूल पंडित, गूम अहमदपोरा पट्टन के हबीबुल्लाह शेख, पार मोहल्ला पट्टन के शब्बीर अहमद नजर, वटवान के मोहम्मद अशरफ डार, नजर मोहल्ला पट्टन के पट्टन गुलाम नबी नजर और मुख्य मोहल्ला पट्टन के फैयाज अहमद मीर शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्री की कार के दरवाजे से टकराया बाइक सवार, मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केआर पुरम में सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की कार के खुले दरवाजे से बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रकाश के रूप में हुई है। करंदलाजे बेंगलुरु-उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रकाश चुनाव प्रचार के दौरान करंदलाजे के काफिले के पीछे चल रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री कार के अंदर थीं और वह चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं। मंत्री की कार का दरवाजा खुला, प्रकाश उससे टकराकर गिर गया और पीछे से आ रहा एक वाहन उनके ऊपर चढ़ गया। मंत्री ने कहा कि पीछे से आ रही एक बस ने प्रकाश को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मोदी के राजनीतिक पूर्वज थे मुस्लिम लीग समर्थक, भ्रांतियां फैला रही भाजपा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले पर पलटवार किया है। खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री के वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर अरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी।



प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में तीखा हमला करते हुए कहा था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं खरगे ने पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतियों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। आज भी वो आम भारतीय नागरिकों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 के दशक में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकार बनाई। खरगे ने सवाल किया कि क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर को ये नहीं लिखा था कि 1942 के कांग्रेस के 'भारत छोड़ो आंदोलन' को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वह अंग्रजों का साथ देने के लिए तैयार है? उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी-शाह व उनके द्वारा नामित अध्यक्ष (जेपी नड्डा) आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''मोदी जी की भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र - मुस्लिम लीग - की याद सताने लगी है।'' उन्होंने कहा, 'सच केवल एक है - कांग्रेस के न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है।

### देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने, सोमवार को कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस जिस तरह से बहुसंख्यकों के खिलाफ साजिश और राजनीति कर रही है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा है, इसके बावजूद पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है और बाज नहीं आ रही है। आगे बोले- मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस पार्टी उसी बात को दोहरा रही है। यानी, सत्ता की लोलुपता में, सत्ता के लालच में, कांग्रेस पार्टी देश को कहां तक पहुंचाएगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि आज अल्पसंख्यकों के लिए जिस तरीके से धर्म के नाम पर आरक्षण की बात हो रही है, जो 50 प्रतिशत आरक्षण को आगे बढ़ाने की बात की जा रही है।

## आंध्र प्रदेश में पुलिस की तलाशी में हाथ लगा 16 किग्रा सोना

**कालापरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने सोमवार को एलुरु जिले के कालापरु 'टोल गेट' पर वाहनों की तलाशी के दौरान 16 किलोग्राम सोना और 31 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन व्यक्ति सोने और चांदी के आभूषणों की इस खेप को विजयवाड़ा से कोनसीमा जिले के अमलापुरम ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, अधिकारियों ने सोने-चांदी से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने खेप ले जा रहे व्यक्तियों से आगे के सत्यापन के लिए और दस्तावेज पेश करने को कहा। इस बीच, अधिकारियों ने आगे की पूछताछ और प्रक्रियाओं के लिए आभूषणों को एलुरु समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में स्थानीय खजाना कार्यालय में भेज दिया। गहनों के अलावा, पुलिस ने हनुमान जंक्शन से एलुरु जा रहे एक अलग दल से 15 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं जबकि मतगणना चार जून को होगी।

# टिकाऊ नहीं इंडी गठबंधन आपस में लड़ रहे : राजनाथ

तिरुवरुर/नामक्कल, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' में कोई स्थायित्व नहीं है और घटक दल पहले ही एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी और द्रमुक की महिला-विरोधी मानसिकता के लिए उन पर हमला बोला।

उन्होंने द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की कथित सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों को लेकर तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल पर और राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन भाजपा की आलोचना करने के लिए हिंदू आस्था और महिलाओं को निशाना बना रहा है। बोले- कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश विपक्षी दल की पिछली कई गलतियों की भारी कीमत चुका रहा है। वरिष्ठ नेता ने 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में तमिलनाडु के नामक्कल और तेनकासी में रोड शो में भाग लिया और तिरुवरुर में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। नामक्कल में रोड के बाद सिंह ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, धारा 370 को निरस्त करना एवं सीएए ऐसे ही वादे थे।

### जश्न का जुलूस



**नागपुर :** महाराष्ट्र में लोग गुड़ी पड़वा को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसे संवत्सर पड़वो से जाना जाता है, पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में भाग लेतीं मराठी महिलाएं। ● एजेंसी

## हर यूट्यूबर को जेल में नहीं रख सकते शीर्ष कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे? पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

**सुनवाई** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सूखा प्रबंधन को लेकर दायर की है याचिका

# जल संकट पर शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए।

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। कोर्ट ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत से मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे।

पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने के बजाय, अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती, तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों, लेकिन यह बढ़ती प्रवृत्ति है...।

जब पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वह केंद्र को नोटिस जारी करेगी, तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा, "आपसे नोटिस जारी नहीं करने का अनुरोध है। यह भी खबर बन जाती है। हम यहां हैं। पीठ ने कहा कि अग्रिम नोटिस पर पेश हुए शीर्ष कानून अधिकारियों ने कहा है कि वे निर्देश लेंगे और अगली तारीख पर अदालत के समक्ष एक बयान देंगे। शीर्ष अदालत मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद करेगी।

### शराब घोटाला: आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया। कोर्ट ने कहा-अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद करते हुए कहा-दोनों पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन में कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो अपराध का मामला नहीं बनता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से न्यायालय में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने संकेत दिया कि जांच एजेंसी अपनी पड़ताल के दौरान अतिरिक्त सामग्री बरामद होने के मद्देनजर आरोपियों के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही, जिसके शुरू होने की संभावना है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# जडेजा-देशपांडे और मुस्तफिजुर के दम पर चेन्नई ने केकेआर को 7 विकेट से हराया

**कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए**

## सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली



रवींद्र जडेजा

**चेन्नई, एजेंसी**

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 14 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है।

चेन्नई ने 138 रनों के छोटे लक्ष्य को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के जरिए चेज करने का प्रयास किया, लेकिन चौथे ओवर में वैभव ने चक्रवर्ती के हाथों रचिन रविंद्र 15 रन पर कैच आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की दहलीज की ओर धकेला। इसी दौरान 13वें ओवर में डेरिल मिचेल 25 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें सुनील नरेन ने बोल्ड किया। गायकवाड़ ने 58 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने आखिरी ओवरों में 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 28 रन बनाये। चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गायकवाड़ ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिये और सुनील नारायण ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था। सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



तुषार देशपांडे

**कोलकाता 137/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| सुनील नरेन का तीक्षणा बो जडेजा | 27 | 20 | 3/2 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 | 18 | 3/1 |
| श्रेयस अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 | 32 | 3/0 |
| वेंकटेश अय्यर का मिचेल बो जडेजा | 03 | 08 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 | 12 | 0/1 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 09 | 14 | 0/0 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 | 10 | 2/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

**चेन्नई 141/3** — 17.4 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 | 08 | 3/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 | 58 | 9/0 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 | 19 | 1/1 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 | 18 | 1/3 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

## खेल डायरी

### भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

### गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

### अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

**लंदन।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

### सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

**अमृत विचार:** पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटैक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

# दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।

विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# बॉलीवुड हलचल

## अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी



नयी **दिल्ली, एजेंसी।** ' 'पुष्पा 2 : द रूल' ' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ' 'इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'

## 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य



**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांन्च करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ' 'वियर इट विथ' ' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' ' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।

## हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर



**मुंबई, एजेंसी।** रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### पाकिस्तान की सीनेट के सभापति का चुनाव आज, 85 सीनेटर लेंगे शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। 'द न्यूज़ इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक, सीनेट के सत्र में, नव निर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सभापति और उपसभापति के संवैधानिक पद के लिए चुनाव होगा। प्रधानमंत्री द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी नव निर्वाचित सीनेटर को शपथ दिलाएंगे। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

### पाकिस्तानः बलूचिस्तान प्रांत के बाजार में धमाका, दो लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब 9 :40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सीरिया में उपद्रवियों के बीच संघर्ष, 20 की मौत, एक दिन पहले हुआ था धमाका

**दमिश्क।** सीरिया के दारा प्रांत में स्थानीय उपद्रवियों के बीच रविवार को हुए हिंसक संघर्ष में 20 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और एफएम रेडियो ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि दारा प्रांत के सनमायन शहर में एक दिन पहले हुए घातक विस्फोट में करीब सात बच्चे मारे गए थे। माना जा रहा है कि कल के हिंसक संघर्ष को इसी घटना को लेकर बदले की कार्रवाई है। गौरतलब है कि सीरियाई सेना ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही बलों को भगाने के बाद 2018 में दारा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस क्षेत्र में छिटपुट सुरक्षा घटनाएं और हमले जारी हैं।

### उज्बेकिस्तान के नागरिकों से भरी बस खाई में गिरी, दो की मौत, 26 घायल

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी समारा क्षेत्र में बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से सोमवार को क्षेत्रीय अभियोजक के कार्यालय ने बताया था कि अलकाएवका की ग्रामीण बस्ती के पास यूराल-मुखानोवो राजमार्ग पर बस खाई में गिर गई। स्थानीय यातायात पुलिस ने टेलीग्राम पर कहा कि कजाकिस्तान में पंजीकृत बस उज्बेकिस्तान के नागरिकों को मध्य रूस के निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में ले जा रही थी। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुवैत के अमीर ने मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार किया, 17 को बुलाया पहला सत्र

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए एक डिक्री जारी की और नेशनल असेंबली को 17 अप्रैल को अपना पहला सत्र बुलाने के लिए कहा। सरकारी समाचार एजेंसी कुना द्वारा जारी पहले आदेश में कहा गया है कि अमीर ने प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है, साथ ही कहा कि वे नए मंत्रिमंडल के गठन तक अपने संबंधित पदों के जरुरी मामलों को संभालना जारी रखेंगे। अमीर ने एक अन्य डिक्री में 17 अप्रैल को 18वें विधायी कार्यकाल का पहला नियमित सत्र बुलाने के लिए नेशनल असेंबली कस सत्र बुलाया है। कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा ने विगत शनिवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा अमीर को सौंप दिया। वहीं, गुरुवार को नयी संसद के चुनाव के बाद इस्तीफा एक प्रक्रियात्मक कदम है।

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में भरा बाढ़ का पानी, 6,100 से अधिक लोग बेघर

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है। 18 हजार से अधिक लोग बाढ़ के खतरे वाले क्षेत्र में हैं एजेंसी के अनुसार, सात-11 अप्रैल का डेटा साइबेरिया, वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक्ट में दैनिक औसत तापमान, बर्फ पिघलने और नदी में जलस्तर की वृद्धि की ओर इशारा करता है।



# दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 :16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

**45** मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

**11** उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8 : 16 बजे हुआ रवाना

**नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका**

# मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

### जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

# अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकाली रैलियां

## ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।



अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी




# इजराइल ने दक्षिण गाजा से वापस बुलाए कुछ सैनिक

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि उसने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस से अपने सैनिक वापस बुलाए हैं। इजराइल ने खान यूनुस में हमास के चरमपंथियों के खिलाफ जमीनी हमले के अपने चरण को पूरा कर लिया है और अपने सैनिकों को वापस बुलाया है। लेकिन रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों को खान यूनुस से बुलाकर पुनः एकत्रित किया जा रहा है क्योंकि सेना हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी कर रही है। सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा, गाजा में जंग जारी है और हम अभी रुकने नहीं वाले हैं।

स्थानीय प्रसारक चैनल 13 टीवी के माध्यम से बताया गया कि इजराइल रफह को खाली कराने की तैयारी कर रहा है और इस प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि लक्षित अभियानों को जारी रखने के लिए गाजा में अच्छी खासी संख्या में सैनिक रहेंगे जिनमें हमास के गढ़ और समूह के नेता याह्या सिनवार का गृहनगर खान यूनुस भी शामिल है। खान यूनुस की एसोसिएटेड प्रेस की रविवार की वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग लौट आए हैं। इजराइल रफह के आसपास जमीनी हमला करने की बात कई हफ्तों से कह रहा है। वहां 14 लाख आबादी रह रही है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने रफह हमले पर अमेरिका के विरोध को दोहराया और कहा कि अमेरिका का मानना है कि इजराइल के सैनिकों की आंशिक वापसी वास्तव में इन सैनिकों के आराम के लिए है जो चार महीने से जमीन पर हैं।

### ब्रिटिश, इजराइली और अमेरिकी जहाजों पर हमले की हूती ने ली जिम्मेदारी

**सना।** यमन के विद्रोही हूती समूह ने पिछले 72 घंटों में ब्रिटिश, इजरायली जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए पांच सैन्य अभियान चलाए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह के अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि ऑपरेशन कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ किए गए और सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य हासिल किए। सरिया के अनुसार कि समूह ने लाल सागर में ब्रिटिश जहाज होप आईलैंड और दो इजरायली जहाजों, एमएससी ग्रेस एफ और एमएससी जीना को निशाना बनाया। अन्य दो अभियानों में लाल सागर में कई अमेरिकी सैन्य युद्धपोतों को निशाना बनाया गया। इस बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्र में एक मोबाइल मिसाइल प्रणाली को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

# सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे



वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

# ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ शुरू की जांच

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है। अदालती दस्तावेज के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राजीलियाई शीर्ष न्यायालय के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे।



# परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला, टला खतरा



रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया का परमाणु ऊर्जा संयंत्र।

कीव, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने रविवार को कहा कि रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर में से एक पर किए गए ड्रोन हमले के कारण बड़ी परमाणु दुर्घटना होने का खतरा काफी बढ़ गया है।

ग्रोसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की पुष्टि की कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मुख्य रिएक्टर नियंत्रण संरचनाओं पर कम से कम तीन प्रत्यक्ष हमले हुए। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (एआईईए) ने एक अलग बयान जारी कर एक रिएक्टर समेत संयंत्र पर ड्रोन हमलों का असर होने की पुष्टि की। एआईईए ने कहा कि इकाई छह में हुई क्षति के कारण परमाणु सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हुआ, लेकिन यह एक गंभीर घटना है जिससे रिएक्टर की रोकथाम प्रणाली के कमजोर होने की आशंका है।

### यूक्रेन ने रूस के दावे को नकारा

**कीव।** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें यह कहा गया है कि उनके देश की सेना ने यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर विस्फोटक ड्रोन से हमला किया है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस हमले के तुरंत बाद रूस ने दक्षिण यूक्रेन में स्थित इस परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था और उसका संचालन अपने हाथ में ले लिया था। रूस ने रविवार को दावा किया था कि दक्षिण यूक्रेन में स्थित एवं दो साल से उसके नियंत्रण में संचालित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यूक्रेन की सेना ने ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी के प्रवक्ता एंद्री युसोव ने दावा किया कि हमले के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना नियमित आधार पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले की फर्जी खबर प्रसारित करती रहती है।

# पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।



मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

# कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**कोलार (कर्नाटक)।** आठ अप्रैल (भाषा) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

**बदलता युग** वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

# 'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप



वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

### क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।